एच) **भारतीय बैंक की ब्लॉक चेन इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी (आईबीबीआईसी)**:– बैंक अपने संस्थापक सदस्यों में से एक के रूप में आईबीबीआईसी में शामिल हो गया है। आईबीबीआईसी ब्लॉकचेन तकनीक के साथ बैंकिंग से संबंधित उपयोग के मामलों का पता लगाएगा। आईबीबीआईसी और इसके सदस्यों ने घरेलू साख पत्र (एलसी) के लिए ब्लॉकचेन का उपयोग शुरू करने का निर्णय लिया है।

ई. प्रबंधन सूचना प्रणाली

बैंक न केवल निर्णय लेने और संचालन में उत्कृष्टता लाने के लिए बड़े डेटा और छोटे डेटा दोनों की शक्ति का उपयोग करने में विश्वास करता है बल्कि ग्राहक प्रसन्नता में वृद्धि के लिए व्यक्तिगत अनुभव भी प्रदान करता है।

एंटरप्राइज–वाइड डेटा वेयरहाउस (ईडीडब्ल्यू)

डेटा किसी भी प्रकार के संगठन का नया केन्द्र है और बैंकिंग इसका अपवाद नहीं है। डेटा को जब संग्रहित, व्यवस्थित, संरचित और खंगाला जाता है, तो यह सूचना प्रदान करता है, जो बदले में निरंतर ज्ञान प्रदान करता है और इसके परिणामस्वरूप अंतिम उत्पाद के रूप में ज्ञान प्राप्त होता है। पीएनबी ने अपने एंटरप्राइज वाइड डेटा वेयरहाउस (ईडीडब्ल्यू) को परिचालन, प्रबंधन सूचना प्रणाली, निर्णय समर्थन प्रणाली, बैंकों के डेटा के सूचनात्मक और विश्लेषण के लिए सत्य के एकल स्रोत के रूप में, वर्णनात्मक, निदानकारी, भविष्यकर्ता एवं निर्देशात्मक तरीके से व्यवसाय में लक्षित विकास को प्राप्त करने के लिए लाइव बनाया है। ईडीडब्ल्यू अब नियामक एडीएफ/सीआईएमएस परियोजना के लिए सूचना स्रोत है।

डेटा विश्लेषण:

बैंक ने डेटा एनालिटिक्स सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) की स्थापना की है। नए मूल्य–सृजन, क्रॉस–सेल और अप–सेल अवसर, राजस्व में वृद्धि, लागत में कमी, उत्पाद वृद्धि, चैनल अनुकूलन, ऋण–चूक पूर्वानुमान, डिजिटल उपस्थिति में वृद्धि और ग्राहक आधार की जोखिम रूपरेखा में सुधार करने के उद्देश्य के साथ मुख्य तीन वर्टिकल व्यवसाय, नियन्त्रण और सहयोग पर विश्लेषण किया जा रहा है।

अगले स्तर के सुधार: ईडीडब्ल्यू के साथ, बैंक पीएसबी में अगले स्तर के सुधारों के तहत कार्रवाई बिन्दु प्राप्त करने, जिसमें अल्पावधि और दीर्घावधि लक्ष्य जैसे डिजिटल वृद्धि, बड़े डेटा विश्लेषण, बैंकिंग तकनीकी में बदलाव को अपनाने, फिन टेक के केंद्रित उपयोग और विश्लेषण के माध्यम से कर्मचारी जुड़ाव बढ़ाना शामिल है, के लिए पूरी तरह से तैयार है।

पीएनबी की वर्तमान और भावी कार्यनीतिक व्यावसायिक आवश्यकताओं के साथ समन्वय स्थापित करने, प्रतिस्पर्धा में बढ़त हासिल करने के लिए और बैंक के लिए उन्नत डिजिटल क्षमताएं सृजित करने की जरूरतों को पूरा करने हेतु, विभिन्न व्यक्तिगत सेगमेंट पर मॉडल आधारित व्यावसायिक लीड तैयार किए जा रहे हैं। टीम ने मौजूदा विश्लेषण आधारित ऋण और गैर–ऋण पेशकश के लिए भी गति बढ़ाई है। विश्लेषण द्वारा संचालित

g) **Tie-up with Paisa bazaar:** The Bank entered into Partnership with loan marketplaces for sourcing of leads (Housing Loans).

h) **Indian Bank's Block Chain Infrastructure Company (IBBIC):** The Bank has joined IBBIC as one of its founding members. IBBIC will explore banking related use cases with Blockchain technology. IBBIC and its members have decided to start use of Blockchain for Domestic Letter of Credit (LC).

E. MANAGEMENT INFORMATION SYSTEM

The Bank believes in harnessing the power of both big data and small data not only to drive decision-making and operational excellence but also to provide personalized experiences to increase customer delight.

Enterprise-Wide Data Warehouse (EDW)

Data is the new cynosure of any form of organization and Banking is no exception to it. Data when stored, arranged, structured and mined, it provides Information; which in turn generates persistent Knowledge resulting in wisdom as final product. PNB has made its Enterprise-wide Data Warehouse (EDW) live, as Single Source of Truth for operational, management information system, decision support system, informative and analytics of Banks data for Descriptive, Diagnostic, Predictive and Prescriptive manner to achieve the targeted growth in Business. EDW is now one stop information source for regulatory ADF/ CIMS project.

Data Analytics

The Bank has set up a Data Analytics Centre of Excellence (CoE). Analytics is being conducted on broadly three verticals- Business, Control and Support, with objective of new value-creation, cross-sell and up-sell opportunity, increasing revenue, cost reduction, product enhancement, channel optimization, default loan prediction, maximizing digital footprint and improve risk profiling of the customer base.

Next Level Reforms: With EDW in place, Bank is well prepared to achieve the Action Points under next level reforms in PSBs for short Term and Long Term Target like digital enhancement, Big Data Analytics, adoption of change in Banking Technology, focused use of Fin techs and improvement in Employee engagement through Analytics.

To align with the present and future strategic business requirements of PNB, to gain competitive edge and to cater to the needs of creating advanced digital capabilities for Bank, Model based business leads are being generated on various personal segment. Team is also geared up for analytics-based credit and non-credit offers. Process and systemic optimization

डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के माध्यम से प्रक्रिया और प्रणालीगत अनुकूलन एक अन्य तरीका है जिसे विश्लेषण टीम द्वारा अपनाया जा रहा है।

एफ. शाखा नेटवर्क

घरेलू उपस्थिति: बैंक के पास 31 मार्च, 2022 तक 10098 शाखाओं का सबसे बडा नेटवर्क हैं, जिसमें 1753 महानगरीय, 2035 शहरी, 2457 अर्धशहरी और 3853 ग्रामीण शाखाएं शामिल हैं । ग्रामीण और अर्ध शहरी शाखाएं (आरयूएसयू) कुल शाखा नेटवर्क का 63% हैं।

अंतर्राष्ट्रीय उपस्थिति: वर्तमान में, 3 शाखाओं (1 हांगकांग (बंद होने वाली है) और 1 दुबई और 1 गिफ्ट सिटी गुजरात), 2 अनुषंगियों (लंदन और भूटान), 1 संयुक्त उद्यम (नेपाल), 2 प्रतिनिधि कार्यालयों (म्यांमार और बांग्लादेश), के रूप में बैंक की 7 देशों में अंतर्राष्ट्रीय उपस्थिति हैं।

जी. अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग

31 मार्च, 2022 तक, विदेशी मुद्रा कारोबार का संचालन करने के लिए 232 शाखाएं अधिकृत थी एवं केंद्रीकृत रूप से व्यापारिक लेनदेन का संचालन करने और सभी आतंरिक विप्रेषण के लिए अंतर्राष्ट्रीय सेवा शाखा के लिये विशिष्ट 4 ट्रेड फाइनेंस सेंटर (टीएफसी) नई दिल्ली, चेन्नई और कोलकाता और मुंबई में कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त बैंक के पास विदेशी पर्यटकों/एनआरआई द्वारा विदेशी मुद्रा नोटों के नगदीकरण की सुविधा के लिए महत्वपूर्ण पर्यटक केंद्रों पर 6 एक्सचेंज ब्यूरों हैं।

❖ घरेलू विदेशी मुद्रा कारोबार

बैंक ने वित्त वर्ष 2021–22 के लिए 37 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए रू. 1,24,172 करोड़ का कुल विदेशी मुद्रा व्यापार कारोबार (निर्यात और आयात सहित) दर्ज किया है।

समग्र रूप से बैंक के आवक विप्रेषण करने के लिए नई दिल्ली में एक **अंतर्राष्ट्रीय सेवा शाखा (आईएसबी)** कार्यरत है। वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान, बैंक ने रु. 51,191 करोड़ का विप्रेषण कारोबार किया है।

बैंक के पास अनिवासी भारतीयों से विप्रेषण को सुविधाजनक बनाने के लिए 16 विनिमय गृहों (10 गल्फ, 1 सिंगापुर, 2 यूएसए, यू. के., कनाडा और सेशल्स में एक–एक के साथ **रुपी ड्राइंग व्यवस्था (आरडीए)** भी है।

बैंक ने मनी ट्रांसफर सर्विस योजना (MTSS) के तहत ट्रांसफ़ास्ट वर्ल्डवाइड के साथ विप्रेषण व्यवस्था भी की हैं।

❖ विदेशी कारोबार

31 मार्च, 2022 तक बैंक का विदेशी कारोबार 8.77 प्रतिशत की वर्ष दर वर्ष वृद्धि दर्ज करते हुए रू.47,060 करोड़ रहा। विदेशी शाखाएं लाभप्रदता में सुधार के लिए कम क्रेडिट जोखिम भार के साथ एक विविध ऋण पोर्टफोलियो बनाने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले मध्यम/दीर्घकालिक आस्तियों पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं।

through promotion of Digitization driven by analytics is another avenue being pursued by analytics team.

F. BRANCH NETWORK

Domestic Presence: The Bank has one of the largest networks of 10098 branches as on 31st March, 2022, comprising of 1753 Metropolitan, 2035 Urban, 2457 Semi Urban and 3853 Rural branches. Rural and Semi Urban Branches (RUSU) comprise around 63 per cent of the Total Branch Network.

International Presence: At present Bank has its overseas presence in 7 Countries by way of 3 branches (1 at Hong Kong (about to be closed), 1 at Dubai and 1 at GIFT City Gujarat), 2 Subsidiaries (London and Bhutan), 1 Joint Venture (Nepal), 2 Representative Offices (Myanmar and Bangladesh).

G. INTERNATIONAL BANKING

As on 31st March, 2022, there were 232 branches authorized to handle Foreign Exchange Business and 4 Trade Finance Centers functioning at New Delhi, Chennai, Kolkata & Mumbai specialized for centralized handling of trade transactions and International Service Branch for all inward remittances. In addition to it, the Bank has 6 Exchange Bureaus at important tourist centers to facilitate encashment of Foreign Exchange Currency Notes by foreign tourists/NRIs.

❖ Domestic Forex Business

The Bank has registered a Foreign Exchange Business Turnover of Rs. 1,24,172 Crore (Exports and Imports together) for the FY 2021-22 registering the growth of 37 per cent.

The Bank has an **International Service Branch (ISB)** functioning at New Delhi for handling Inward Remittances. During FY 2021-22, the Bank has handled remittance business of Rs. 51,191 Crore.

The Bank has **Rupee Drawing Arrangements (RDA)** with 16 exchange Houses (10 in the Gulf, 1 in Singapore, 2 in the USA, 1 each in UK, Canada and Seychelles) to facilitate remittance from NRIs.

The Bank also has remittance arrangement under Money Transfer Service Scheme (MTSS) with Transfast Worldwide.

❖ Overseas Business

Overseas business of the Bank stood at Rs. 47,060 Crore as on 31st March, 2022 registering YoY growth of 8.77 per cent. Overseas branches are focusing on High Quality Medium/ Long term Assets to build a diversified loan portfolio with low Credit Risk Weight to improve profitability.

विदेशी मुद्रा कारोबार वृद्धि के लिए उठाए गए कदमः

- वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान अखिल भारतीय आधार पर 55 निर्यात संवर्धन परिषदों (ईपीसी) का दौरा किया गया है। इसके अलावा, सभी अंचल कार्यालयों को नए संबंधों की सोर्सिंग के लिए निर्यात संवर्धन परिषद ईपीसी के साथ संपर्क जारी रखने की सलाह दी गई थी।
- वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान विदेशी मुद्रा कारोबार के संबंध में उनकी शिकायतों को दूर करने के लिए अखिल भारतीय स्तर पर 105 निर्यातक/ आयातक बैठकें आयोजित की गईं।
- वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान बैंक ने विदेशी मुद्रा ग्राहकों की 185 नई लीड जनरेट की। इसके अलावा, 149 संबंधों को व्यवसाय में परिवर्तित किया गया है।
- **आयातकों/निर्यातकों के लिए व्यापार वित्त का प्लेटफॉर्मः** निर्यात मॉड्यूल के आरम्भ होने के बाद, हाल ही में, बैंक ने आयात दस्तावेज़ों, विदेशी साख पत्र और विदेशी गारंटी पत्र को कवर करते हुए व्यापार वित्त पोर्टल का दूसरा चरण शुरू किया है ताकि आयात करने वाले ग्राहक को लेनदेन शुरू करने की अनुमति मिल सके।
- **नेट–बैंकिंग के माध्यम से निवासी व्यक्तियों के लिए जावक प्रेषण सुविधाः** बैंक ने इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से एलआरएस के तहत धन विप्रेषण हेतु निवासी व्यक्तियों के लिए जावक प्रेषण सुविधा शुरू की है। यह खुदरा ग्राहकों को उपहार, दान, यात्रा (व्यवसाय, तीर्थयात्रा, चिकित्सा उपचार और शिक्षा) के प्रयोजन और करीबी रिश्तेदारों के रखरखाव के लिए प्रेषण की सुगमता प्रदान करता है।
- आवक प्रेषण के संबंध में ग्राहकों को सीधे सूचना भेजने की सुविधा शुरू की गई है।
- अंतर्राष्ट्रीय सेवा शाखा (आईएसबी) ने ग्राहकों को उनके आवक प्रेषण के संबंध में सीधे मेल भेजना शुरू कर दिया है जो आवक प्रेषण लेनदेन के टीएटी को कम करता है।
- व्यापार वित्त ग्राहकों की सहायता के लिए सभी व्यापार वित्त केन्द्रों (टीएफसी) में समर्पित ग्राहक सेवा डेस्क उपलब्ध कराए गए हैं। संपर्क विवरण पीएनबी कॉर्पोरेट वेबसाइट पर भी दिए गए हैं।
- एक समर्पित ईमेल आईडी **eximcust@pnb.co.in** विशेष रूप से व्यापार वित्त ग्राहकों हेतु उनके विदेशी मुद्रा से संबंधित परिचालन मामलों के लिए बनाई गई है, जो सीधे आईबीडी के अधिकारियों द्वारा संभाला जा रहा है।
- **अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग ईकाई (आईबीयू), जीआईएफटी सिटी** गांधीनगर, गुजरात को 8 अप्रैल 2022 से चालू किया गया। यह नियामक अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) के तहत बैंक की एक विदेशी शाखा की तरह सेवाएं प्रदान करेगा। पेश किए जाने वाले प्रमुख उत्पाद ईसीबी, भारतीय उधारकर्ताओं को क्रेता ऋण और विदेशी संस्थाओं को मीयादी ऋण, कार्यशील पूंजी, व्यापार वित्त और एफएलसी/एफएलजी होंगे। शाखा विदेशी बाजार में विदेशी मुद्राओं में व्यापार करेगी, विदेशी मुद्रा में जमा और अनिवासी स्रोतों से उधार के रूप में धन जुटाएगी और ग्राहकों के लिए ऋण और देयता उत्पाद प्रदान करेगी।

Steps Initiated for Forex Business growth

- 55 Export Promotion Councils (EPCs) have been visited on Pan India basis during the FY 2021-22. Further, all the Zonal Offices were advised to continue liasioning with Export Promotion Councils (EPCs) for sourcing new relationships.
- 105 Exporter/Importer meets were conducted on Pan India basis to address their grievances in respect of Forex business during FY 2021-22.
- The Bank generated 185 new leads of forex customers during FY 2021-22. Further, 149 relationships have been converted into business.
- **Trade Finance Platforms for Exporters/Importer:** Subsequent to launch of Export module, recently, the Bank launched 2nd phase of Trade Finance Portal covering Import documents, Foreign Letter of Credit and Foreign Letter of guarantee to allow import customers to initiate transactions.
- **Outward remittance facility for Resident Individuals through Net-Banking:** The Bank launched Outward Remittance Facility for resident individuals for remitting funds under LRS through Internet Banking. This gives ease to retail customers for remitting for the purpose of Gift, Donation, Travel (Business, Pilgrimage, Medical Treatment, Education and Maintenance of close relatives).
- A facility for sending direct intimation to customers in respect of Inward remittance has been introduced.
- International Service Branch (ISB) has started sending mails directly to customers with respect to their inward remittances which reduces the TAT.
- Dedicated customer care desks are made available at all TFCs to help trade finance customers. The contact details are also placed on PNB Corporate website.
- A dedicated email ID **eximcust@pnb.co.in** has been created exclusively for trade finance customers for their forex related operational issues.
- **International Banking Unit (IBU), GIFT City** Gandhinagar, Gujarat has been operationalised w.e.f., 8th April 2022. It will offer services like an overseas branch of the bank under regulator International Financial Services Centres Authority (IFSCA). The major products offered will be ECB, Buyers credit to Indian borrowers and Term Loan, Working Capital, Trade Finance and FLC/FLG to overseas entities. Branch will trade in Foreign currencies in overseas market, raise funds in foreign currency as deposits and borrowings from non-resident sources and provide loan and liability products for the clients.

एच. कारोबार विविधीकरण

बीमा कारोबार:

- **जीवन बीमा:** बैंक ने निम्नलिखित बीमा कंपनियों के साथ टाई–अप किया है (वित्त वर्ष 2021–22), भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (पीएमएलआई) और केनरा एचएसबीसी ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (सीएचओआईसी)। वर्तमान में बैंक ने केवल दो कंपनियों के साथ टाई–अप जारी रखा है:

  1. पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (पीएमएलआई)।
  2. भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी)।

  जीवन बीमा कारोबार से बैंक की आय वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान 6.45% बढ़कर 294 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान 276 करोड़ रुपये थी।

- **गैर–जीवन बीमा:** बैंक ने निम्नलिखित बीमा कंपनियों के साथ टाई–अप किया है:

  1. ओरियंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (ओआईसीएल)
  2. बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (बीएजीआईसी)
  3. चोलामंडलम एमएस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (सीएचओएलए)
  4. केयर हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (सीएचआईसीएल)
  5. स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एसएचआईसीएल)

  वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान बैंक की कमीशन आय 101 करोड़ रुपये (स्वास्थ्य बीमा– 66 करोड़ रुपये और संपत्ति बीमा– 35 करोड़ रुपये) थी, जबकि वित्त वर्ष 2021–22 में 93 करोड़ रुपये (जिसमें फसल बीमा से संबंधित लगभग 4.41 करोड़ रुपये की आय शामिल है और इसे वित्त वर्ष '2021–22 में शामिल नहीं किया गया है)। वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान, बैंक ने आय (फसल बीमा को छोड़कर) में सालाना आधार पर 14.1% की वर्ष दर वर्ष वृद्धि दर्ज की। वित्त वर्ष 2020–21 के दौरान निम्नलिखित नए खंड विशिष्ट उत्पाद शुरू किए गए:

  ए) गंभीर बीमारी (विशेष रूप से महिलाओं से संबंधित) को कवर करने वाले महिला विशिष्ट स्वास्थ्य बीमा उत्पाद।

  बी) निम्न आय वर्ग में आने वाले ग्राहकों के लिए व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवर।

- **म्यूचुअल फंड:** बैंक निम्नलिखित आस्ति प्रबंधन कंपनियों के म्यूचुअल फंड उत्पादों का वितरण और विपणन कर रहा है:

  1. मैसर्स सुंदरम एसेट मैनेजमेंट प्रा. लिमिटेड (पहले प्रिंसिपल एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के रूप में जाना जाता था)।

H. BUSINESS DIVERSIFICATION

Insurance Business

- **Life Insurance:** Bank has tie-up with the following Insurance companies (FY 2021-22), Life Insurance Corporation of India (LIC), PNB MetLife India Insurance Co. Ltd (PMLI) and Canara HSBC Oriental Bank of Commerce Life Insurance Co. Ltd (CHOICe). Presently, Bank is continuing tie-up with only two companies:

  1. PNB Metlife India Insurance Co. Ltd (PMLI)
  2. Life Insurance Corporation of India (LIC)

  The Bank's earnings from Life Insurance business grew by 6.45 % during FY 2021-22 to Rs. 294 Crore from Rs. 276 Crore during FY 2021-22.

- **Non-Life Insurance:** The Bank has tie-up with the following Insurance companies:

  1. The Oriental Insurance Co. Ltd. (OICL)
  2. Bajaj Allianz General Insurance Co. Ltd. (BAGIC)
  3. Cholamandalam MS General Insurance Co. Ltd. (CHOLA)
  4. Care Health Insurance Co. Ltd. (CHICL)
  5. Star Health & Allied Insurance Co. Ltd. (SHICL)

  The Bank's Commission Income stood at Rs. 101 Crore during FY 2020-21 (Health Insurance- Rs. 66 Crore & Asset Insurance- Rs. 35 Crore) against Rs. 93 Crore in FY 2020-21 (which included Income of around Rs. 4.41 Crore pertaining to Crop Insurance and the same is not included in FY 2020-21). During the FY 2020-21, the Bank registered a YoY growth of 14.1 per cent in income (excluding Crop Insurance). The following new segment specific products were launched during FY'2020-21:

  a. Women Specific health insurance products covering critical illness (specifically related to women).

  b. Personal Accidental Insurance cover for customers falling in Lower income group.

- **Mutual Funds:** Bank is distributing and marketing Mutual Fund products of the following Asset Management Companies:

  1. M/s Sundaram Asset Management Pvt. Ltd (previously known as Principal Asset Management Pvt Ltd).

2. मैसर्स निप्पॉन लाइफ एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड
3. मैसर्स यूटीआई एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड,
4. मैसर्स आदित्य बिड़ला सनलाइफ एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड
5. मैसर्स एलआईसी म्यूचुअल फंड एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड।
6. मैसर्स डीएसपी इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स प्राइवेट लिमिटेड।
7. मैसर्स फ्रैंकलिन टेम्पलटन एसेट मैनेजमेंट (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड।
8. FISDOM मौजुदा ई–ओबीसी ग्राहकों को राजस्व साझेदारी के आधार पर एमएफ एग्रीगेटर और रोबो सलाहकार सेवाएं भी प्रदान कर रहा है।

वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान, 7.00 करोड़ रुपये के लक्ष्य के मुकाबले 5.72 करोड़ रुपये की आय अर्जित की गई और वर्ष–दर–वर्ष वृद्धि 50.13% थी।

❖ **डिपॉजिटरी सेवाएँ** : डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में, बैंक ने 2020–21 के 5539 के मुकाबले वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान 11627 डीमैट खाते खोले और वित्त वर्ष 2020–21 के 7,514 के मुकाबले वित्त वर्ष 2021–22 में 12,016 ऑनलाइन ट्रेडिंग खाते खोले। 11,627 डीमैट खातों में से, लगभग 9022 अर्थात 78% डीमैट खाते आईबीएस और एमबीएस पर उपलब्ध इंस्टा डीमैट के माध्यम से डिजिटल रूप से खोले गए थे। वित्त वर्ष 2021–22 में डिपॉजिटरी सेवाओं से अर्जित आय रु. 5.70 करोड़ थी।

❖ **एएसबीए एवं मर्चेंट बैंकिंग:** बैंक के पास निर्गम के लिए बैंकर, ऋणपत्र, न्यासी और मर्चेंट बैंकर के रूप में कार्य करने का लाइसेंस है। वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान 217 निर्गमों का प्रबंधन किया गया था। एएसबीए के माध्यम से ब्लॉक की गयी राशि 5442 करोड़ रुपये थी और वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान 0.45 करोड़ रुपये की आय अर्जित की गई थी।

नई पहल

ए. **जीवन बीमा और गैर–जीवन बीमा कारोबार:** बैंक ग्राहकों तक पहुँचने के लिए डिजिटल चैनलों जैसे कॉर्पोरेट वेबसाइट, नेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग ऐप के माध्यम से उनकी बैंकिंग गतिविधियों के संचालन हेतु, बैंक ने बैंक की वेबसाइट/आईबीएस/एमबीएस पर दिनांक 27 अप्रैल, 2021 से इंश्योरेंस सेल्फ–नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म (आईएसएनपी) के माध्यम से अपने बीमा उत्पादों के लिए आवेदन करने की सुविधा प्रारम्भ की है।

बी. **डिपॉजिटरी और एएसबीए कारोबार:** शेयर, ट्रेडिंग करने के लिए ट्रेडिंग सदस्यों को पीओए (पावर ऑफ अटॉर्नी) प्रस्तुतीकरण को ख़ारिज करने हेतु हमारे व्यापारिक ग्राहकों के लिए ई–डीआईएस सेवाओं को पेश करने का प्रस्ताव है। ई–डीआईएस सेवाओं की शुरुआत के साथ, ग्राहक हमारे चैनल भागीदारों के साथ ट्रेडिंग खाता खोलने के तुरंत बाद शेयर ट्रेडिंग प्रारम्भ कर सकते हैं।

2. M/s Nippon Life Asset Management Ltd.
3. M/s UTI Asset Management Company Ltd.,
4. M/s Aditya Birla Sunlife Asset Management Company Ltd.
5. M/s LIC Mutual Fund Asset Management Ltd.
6. M/s DSP Investment Managers Pvt. Ltd.
7. M/s Franklin Templeton Asset Management (India) Pvt Ltd.
8. FISDOM is also providing MF Aggregator and Robo-Advisory services to existing eOBC customers on revenue sharing basis.

During FY 2021-22, Income of Rs. 5.72 crore was earned against the target of Rs. 7.00 crore and YoY growth was 50.13 per cent.

❖ **Depository Services:** As a Depository Participant, Bank opened 11,627 Demat Accounts during FY 2021-22 against 5,539 in FY 2020-21 and 12,016 Online Trading Accounts in FY' 2021-22 against 7,514 in FY 2020-21. Out of 11,627 Demat Accounts, around 9,022 i.e., 78 per cent of Demat accounts was opened digitally through Insta Demat available on IBS and MBS. Income earned in FY 2021-22 from Depository services was Rs. 5.70 Crore

❖ **ASBA & Merchant Banking:** Bank has license to act as Banker to issue, debenture trustee and merchant Banker. During FY 2021-22, 217 issues were handled. The amount blocked through ASBA was Rs. 5442 Crore and Income of Rs. 0.45 Crore was earned during FY 2021-22.

New Initiatives

a. **Life Insurance & Non-Life Insurance Business:** In order to reach out to Bank's customers using the Bank's digital channels like Corporate website, Net Banking & Mobile Banking App to conduct their banking activities, the Bank introduced facility of soliciting its insurance products through Insurance Self-Networking Platform (ISNP) on Bank's Website/IBS/MBS w.e.f., 27th April, 2021.

b. **Depository & ASBA Business:** e-DIS services is proposed to be introduced for our trading customers to eliminate the POA (Power of Attorney) submission to trading members for performing share trading. With the introduction of e-DIS services, customers can start share trading instantly after opening of trading account with the channel partners.

मोबाइल बैंकिंग सेवाओं (पीएनबी वन) में एएसबीए सेवाओं को शुरू किया गया है। यह कुछ ही क्लिक में आईपीओ आवेदन के लिए परेशानी मुक्त और उपयोगकर्ता के अनुकूल प्रक्रिया है। अब, एएसबीए सेवाओं का लाभ शाखाओं, इंटरनेट बैंकिंग, यूपीआई और मोबाइल बैंकिंग अर्थात पीएनबी वन के माध्यम से उठाया जा सकता है।

सी. **लीड प्रबंधन प्रणाली:** सीआरएम की लीड प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से ग्राहक अनुरोध दर्ज करने के लिए मार्च 2022 से दो नए चैनलों की शुरूआत की गई है, जिसके माध्यम से ग्राहक बैंक उत्पादों में अपनी रुचि व्यक्त कर सकते हैं। बैंक ने मिस्ड कॉल द्वारा एसेट और डिजिटल उत्पादों को दर्ज करने के लिए दो नए मिस्ड कॉल नंबर भी जारी किए हैं।

डी. **ग्राहक अर्जन केंद्र (सीएसी) और सरकारी कारोबार वर्टिकल केंद्र (जीबीवी):** पीएनबी की नई संरचना में, प्रमुख स्थानों पर 57 ग्राहक अर्जन केंद्र (सीएसी) और भारत भर के राज्यों की राजधानियों में 21 सरकारी कारोबार वर्टिकल केंद्र (जीबीवी) जुलाई 2020 से परिचालन में हैं।

इन उपरोक्त सेट अप का मुख्य उद्देश्य विभिन्न बैंक उत्पादों, तृतीय पक्ष उत्पाद (टीपीपी) के क्रॉस सेल/अप सेल बकेट का पता लगाकर मौजूदा/नए कॉर्पोरेट/संस्थागत/सरकारी/रक्षा और पीएसयू ग्राहकों के साथ रणनीतिक गठजोड़ के माध्यम से थोक व्यापार उत्पन्न करने के लिए केंद्रित दृष्टिकोण अपनाना है। इसके अलावा, यह संरचना बिक्री/ क्रॉस बिक्री के अवसरों की खोज करके एचएनआई/एनआरआई ग्राहकों के साथ संबंधों को मजबूत बनाने पर भी ध्यान केंद्रित करती है।

ई. **रक्षा कारोबार:** रक्षा कारोबार प्रकोष्ठ की कल्पना भारतीय सशस्त्र बलों, राज्य पुलिस बलों, अर्धसैनिक बलों के साथ पीएनबी के बैंकिंग व्यवसाय के अग्रभाग के रूप में कार्य करने के एकमात्र उद्देश्य के साथ ग्राहक अर्जन प्रभाग के तहत एक अलग वर्टिकल के रूप में की गई थी। पीएनबी भारतीय वायु सेना और असम राइफल्स के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने की प्रक्रिया में है। भारतीय सेना, नौसेना, तटरक्षक बल के साथ मौजूदा समझौता ज्ञापनों में प्रमुख उत्पाद जैसे रक्षक प्लस योजना के तहत अतिरिक्त और अनूठी विशेषताएं जोड़ी जाएंगी।

आई. सरकारी कारोबार

विभिन्न लाभार्थियों के लिए केंद्र और राज्यों से निधियों के अंतरण में अधिक सक्रिय भूमिका निभाने के उद्देश्य से, बैंक सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) एजेंसी खातों की बड़ी संख्या प्राप्त करने हेतु प्रयास कर रहा है। बैंक समामेलन के बाद केंद्र सरकार के नौ अलग–अलग विभागों के लिए अधिकृत बैंकर भी है। ये संख्या आगे और बढ़ेगी। बैंक विभिन्न राज्य सरकारों के साथ उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए गठजोड़ बढ़ा रहा है।

नई पहलें

❖ **फास्टैग:** राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह परियोजना लागू की गई है और सभी शाखाओं को फास्टैग जारी करने के लिए सक्षम किया गया है।

ASBA services has been introduced in MBS (PNB ONE). It is hassle free and user friendly approach for IPO application in just few clicks. Now, ASBA services can be availed through Branches, Internet Banking, UPI and Mobile Banking i.e., PNB ONE.

c. **Lead Management System:** Introduction of two new channels for lodging customer request through lead management system of CRM has been made effective from March 2022 through which customers can express their interest in Bank Products. Bank has also added two new number for lodging Asset & Digital products by missed call.

d. **Customer Acquisition Centres (CAC) and Government Business Vertical Centres (GBV):** In the new revamped structure of PNB, 57 Customer Acquisition Centres (CACs) at major locations & 21 Government Business Vertical Centres (GBVs) at State Capitals across India became operational since July 2020.

The main objective of these above mentioned set up is to give focused approach to generate bulk business through strategic tie ups with existing/new Corporate/ Institutional/ Govt./Defence & PSU clients, by exploring cross sell/up sell bouquet of various Bank products, Third Party Products (TPP). In addition, this structure also focus on deepening relationship with HNI/NRI clients by exploring up sell/cross sell opportunities.

e. **Defence Business:** Defence Business Cell was conceived as a distinct vertical under Customer Acquisition Division with the sole purpose of functioning as a forearm of PNB's banking business with Indian Armed forces, State police forces, Paramilitary. PNB will sign MOU with Indian Airforce and Assam Rifles. Existing MOUs with Indian Army, Navy, Coastguard will have, added and unique features under the flagship produc such as Rakshak Plus scheme.

I. GOVERNMENT BUSINESS

With a view to play a more proactive role in the transfer of funds from Centre and States to various beneficiaries, Bank has been making efforts to have a sizeable number of Public Financial Management System (PFMS) agency accounts. Bank is also accredited banker to nine different Central government departments, post amalgamation. Bank has been increasing tie-ups with various State governments to cater to their specific needs.

New Initiatives

❖ **Fastag:** National Electronic Toll Collection Project has been implemented and all branches have been enabled for issuance of Fastags.

- **राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस)**: हमारे बैंक द्वारा प्रायोजित चार क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक को एनपीएस विप्रेषण के लिए ऑन–बोर्ड किया गया है।
- **सरकारी ई–मार्केट प्लेस (जीईएम)**: वेंडर, अर्थात् विक्रेताओं और खरीदारों को हमारी सेवाएं प्रदान करने के लिए जीईएम पोर्टल पर उपलब्ध होने वाले राष्ट्रीयकृत बैंकों में पहला बैंक है। इन सेवाओं में जेम (जीईएम) पूल खाता, ई–पीबीजी (प्रदर्शन बैंक गारंटी) और ई–ईएमडी (बयाना जमा राशि) शामिल हैं।
- **सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस)**: बैंक ने पीएम किसान सम्मान निधि के तहत लगभग 68 लाख लाभार्थियों को लगभग 4080 करोड़ रुपये की धनराशि समय पर वितरित की है।
- पेमेंट गेटवे के माध्यम से कोचीन पोर्ट ट्रस्ट के साथ एकीकरण किया गया है।
- ग्रामीण विद्युतीकरण निगम लिमिटेड के खाते को सरकारी योजना सहयोग (SAHYOG) के लिए सोर्स किया गया है और पीएफएमएस एकीकरण को लागू किया गया है।
- दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण ज्योति योजना के लिए सरकारी खातों को बैंक ने सोर्स किया है।
- सक्रिय विपणन के माध्यम से, वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान 1,39,544 पीपीएफ, 76,357 सुकन्या समृद्धि खाते और 61,031 वरिष्ठ नागरिक बचत खाते खोले गए।
- भारत सरकार द्वारा शुरू की गई सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड सब्सक्रिप्शन की दस श्रृंखलाओं की मार्केटिंग, शाखाओं द्वारा की गई और 1229 किलोग्राम की बिक्री की गई।
- बैंक लगभग 10.7 लाख पेंशनभोगियों को पेंशन वितरित कर रहा है अर्थात् केंद्र सरकार, रक्षा, रेलवे, दूरसंचार और राज्य सरकार।
- बैंक का विभिन्न राज्यों के साथ एकीकरण है और हम साइबर ट्रेजरी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन और ऑफलाइन कर एकत्र कर रहे हैं और 21 राज्यों में वैट का संग्रह किया जाता है।
- अखिल भारतीय आधार पर करों का संग्रह (प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष) ऑफ़लाइन और ऑनलाइन माध्यम से किया जा रहा है। हम केंद्र और राज्य सरकार के लिए करों के प्रमुख संग्रहकर्ताओं में से एक हैं।

जे. ट्रेजरी संचालन

सकल घरेलू निवेश 31 मार्च, 2022 को 3,75,006 करोड़ रुपये हो गया। जबकि औसत निवेश 31 मार्च, 2022 को 3,81,098 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2021–22 के लिए निवेश पोर्टफोलियो (घरेलू) से ब्याज आय 23,399 करोड़ रुपये रही।

बैंक ने पूरे वित्तीय वर्ष में एसएलआर और गैर–एसएलआर प्रतिभूतियों में सक्रिय रूप से कारोबार किया। वित्त वर्ष 2021–22 के लिए कुल व्यापारिक लाभ (घरेलू) 3,150 करोड़ रुपये रहा।

- **National Pension System (NPS):** Four Regional Rural Banks sponsored by the Bank have been on-boarded for NPS remittance.
- **Govt. e-Market Place (GeM):** Bank is first amongst nationalized banks to be present on GeM portal for providing services to vendors, i.e. sellers and purchaseRs. These services include GeM pool account, e-PBG (Performance Bank Guarantee) & e-EMD (Earnest Money Deposit).
- **Public Financial Management System (PFMS):** Bank has timely disbursed funds of approximately Rs. 4080 Crore to about 68 lakh beneficiaries under PM Kisan Samman Nidhi.
- Integration with Cochin Port Trust through Payment gateway has been carried out.
- The account of Rural Electrification Corporation Ltd. has been sourced for the government scheme SAHYOG and PFMS integration has been implemented.
- The government account for Deen Dayal Upadhyaya Grameen Jyoti Yojana has been sourced.
- Through active marketing, 1,39,544 PPF, 76,357 Sukanya Samridhi accounts and 61,031 Senior Citizen Saving accounts were opened during the FY 2021-22.
- Ten Series of Sovereign Gold Bond subscription launched by Govt. of India were marketed by branches and 1229 Kilograms were sold.
- The Bank is disbursing pension of approximately 10.7 lakh pensioners i.e. Central Govt. Defence, Railways, Telecom and state Government.
- The Bank is having integration with various states and we are collecting online and offline taxes through their Cyber Treasury Portal and collection of VAT is done in 21 States.
- Collection of taxes (Direct & Indirect) is being done through offline and online mode on PAN India Basis. We are one of the major collectors of taxes for Central & State Government

J. TREASURY OPERATIONS

Gross Domestic Investments stood at Rs. 3,75,006 Crore as on 31st March, 2022 while average investments were at Rs. 3,81,098 Crore in as on 31st March, 2022. Interest income from the investment portfolio (Domestic) stood at Rs. 23,399 crore for FY 2021-22.

The Bank actively traded in SLR and Non-SLR securities throughout the financial year. Total trading profit (domestic) for FY 2021-22 is Rs. 3150 Crore.

वांछनीय क्रेडिट ऑफ–टेक की कमी के कारण बैंकिंग प्रणाली में पूरे वर्ष तरलता साधारण रही, इस तथ्य के बावजूद कि नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) को 4% के पूर्व–महामारी स्तर पर बहाल कर दिया गया। सरकारी खर्च में वृद्धि और जीएसटी मुआवजे के लिए अतिरिक्त उधार की अनुपस्थिति के कारण बैंकिंग प्रणाली में तरलता अधिशेष सितंबर में लगभग 6.5 लाख करोड़ रुपये की औसत तरलता के साथ रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। सरकारी उधार योजना के व्यवस्थित निष्पादन को सुनिश्चित करने के लिए आरबीआई ने ओएमओ और जी–एसएपी 2.0 संचालन के माध्यम से तरलता सहायता प्रदान करना जारी रखा।

आरबीआई ने वर्ष के दौरान विभिन्न तरलता सहायता उपायों की घोषणा की जो इस प्रकार हैं:

- लघु वित्त बैंकों (एसएफबी) के लिए ऑन टैप स्पेशल लॉन्ग टर्म रेपो ऑपरेशन (एसएलटीआरओ) को 31 दिसंबर, 2021 तक बढ़ा दिया गया था।
- टैप योजना पर टीएलटीआरओ को छह महीने की अवधि के लिए, अर्थात् 30 सितंबर, 2021 तक और आगे 31 दिसंबर, 2021 तक बढ़ा दिया गया था।
- आरबीआई ने वित्त वर्ष 22 में नए ऋण वितरित करने के लिए एआईएफआई को ₹50,000 करोड़ का नवीन सहयोग किया।
- एमएसएफ छूट 31 दिसंबर, 2021 तक जारी रही और इसे सामान्य व्यवस्था में बहाल कर दिया गया, जिससे बैंक 1 जनवरी, 2022 से एमएसएफ के तहत ओवरनाईट उधार लेने के लिए एनडीटीएल के 2% तक कम करने में सक्षम होंगे।
- आरबीआई पाक्षिक के साथ–साथ लंबी अवधि की परिपक्वता अवधि के लिए परिवर्तनीय दर रिवर्स रेपो (वीआरआरआर) ऑक्शन आयोजित करेगा, हालांकि 14–दिवसीय वीआरआरआर नीलामी, मुख्य तरलता प्रबंधन संचालन होगा और सीआरआर रखरखाव चक्र के साथ मेल खाएगा।

आरबीआई ने टिकाऊ आधार पर विकास को बहाल करने और बनाए रखने के लिए जब तक आवश्यक हो तब तक समायोजनशील बने रहने के अपने रुख को दोहराते हुए, अपने जी–एसएपी संचालन को बंद करके और चौथी तिमाही से अपने दीर्घकालिक वीआरआरआर को फिर से शुरू करके तरलता की स्थिति को सामान्य करना शुरू कर दिया और धीरे–धीरे प्रणाली से अतिरिक्त तरलता को कम करना शुरू कर दिया है। आरबीआई की मुद्रा स्वैप ने सिस्टम से टिकाऊ रुपया तरलता को और कम कर दिया है। हाल ही में 50 बीपीएस की सीआरआर बढ़ोतरी से 87000 करोड़ रुपये की तरलता खत्म हो जाएगी।

❖ निश्चित आय (एसएलआर/एनएसएलआर)

भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने मूल्य स्थिरता के साथ विकास को बनाए रखने के अपने उद्देश्य तथा महामारी और अनिश्चित वैश्विक मैक्रो वातावरण की कई लहरों के बीच केंद्र और राज्य सरकारों के बड़े पैमाने पर उधार के प्रबंधन को संतुलित करने का प्रयास किया।

The liquidity remained comfortable throughout the year in the banking system due to lack of desirable credit off-take, despite the fact that Cash Reserve Ratio (CRR) was restored to pre-pandemic level of 4 per cent. Liquidity surplus in the banking system reached record levels in September with average liquidity of around Rs. 6.5 lakh crore due to increase in Government spending and absence of additional borrowing for GST compensation. RBI continued to provide liquidity support through OMOs and G-SAP 2.0 operations in order to ensure orderly execution of the Government borrowing plan.

RBI announced various liquidity support measures during the year such as:

- On Tap Special Long-Term Repo Operations (SLTRO) for Small Finance Banks (SFBs) was extended till 31st December, 2021.
- The TLTRO on Tap Scheme was extended by a period of six months, i.e., till 30th September, 2021 and further till 31st December, 2021.
- RBI extended fresh support of Rs 50,000 Crore to the AIFIs for new lending in FY' 2021-22.
- The MSF relaxation continued up to 31st December, 2021 and was restored to the normal dispensation whereby banks will be able to dip up to 2% of NDTL for overnight borrowing under the MSF from 1st January, 2022.
- RBI to conduct fortnightly Variable Rate Reverse Repo (VRRR) auctions as well as auctions for longer duration maturities, however the 14-day VRRR auction would be the main liquidity management operation and shall coincide with the CRR maintenance cycle.

RBI reitereted its stance to remain accommodative as long as necessary to revive and sustain growth on a durable basis. RBI commenced normalizing liquidity conditions by discontinuing its G-SAP operations and resuming its long term VRRR from 4th quarter onwards and gradually started draining out excess liquidity from the system. RBI's currency swap further drained durable rupee liquidity from the system. The recent CRR hike of 50 bps will drain a further Rs. 87,000 Crore of liquidity.

❖ Fixed Income (SLR/NSLR)

Reserve Bank of India (RBI) tried to balance its objective of sustaining growth with price stability and that of managing the Central and State Governments' massive borrowings amid multiple waves of the pandemic and uncertain global macro environment. The Indian bond market was

विभेदित नीलामी पद्धति, जीएसएपी 1.0 और जीएसएपी 2.0 कार्यक्रम सहित पारंपरिक और अपरंपरागत दोनों उपायों के माध्यम से भारतीय बांड बाजार को आरबीआई द्वारा अच्छी तरह से समर्थन दिया गया था। हालांकि, वित्तीय वर्ष की दूसरी छमाही के दौरान, कमोडिटी की कीमतों में वृद्धि होने के कारण उच्च मुद्रास्फीति की उम्मीदों की वजह से दुनिया की सभी प्रमुख विकसित अर्थव्यवस्थाओं में केंद्रीय बैंकों द्वारा दरों में वृद्धि की उम्मीदों से प्रतिफल में काफी वृद्धि हुई, और भारतीय बांड बाजार प्रतिफल इसका अपवाद नहीं थे।

वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान, 14.95 लाख करोड़ रुपये के बजटीय बाजार उधार की घोषणा के बाद 10 साल के बेंचमार्क जीसेक (G Sec) प्रतिफल बढ़कर 6.95% हो गया। हालांकि संशोधित उधारी कैलेंडर के अनुसार, सकल बाजार उधारी 14.31 लाख करोड़ रुपये आंकी गई थी। नतीजतन, वित्त वर्ष 2021–22 के लिए केंद्र सरकार का उधार कार्यक्रम 25 फरवरी को समाप्त हो गया, और मार्च 2022 के महीने के लिए निर्धारित नीलामियों को रद्द करने के कारण कुल नीलामी अपेक्षा से बहुत कम थी। इसने अस्थायी रूप से प्रतिफल को मंद कर दिया, लेकिन हाल ही में आयोजित अनिर्धारित एमपीसी बैठक (मई'2022) में, आरबीआई ने अतिरिक्त तरलता को खत्म करने के लिए 50 बीपीएस सीआरसार वृद्धि के साथ घरेलू मुद्रास्फीति के संबंध में चिंताओं के कारण बेंचमार्क रेपो दर में 40 बीपीएस की वृद्धि की। इसके परिणामस्वरूप बेंचमार्क प्रतिफल 7.49% तक पहुंच गया और यह ऊंचे स्तर पर बना हुआ हैं। हालांकि, आगामी एमपीसी बैठकों में और बढ़ोतरी की उम्मीदों पर 1 साल के टी बिल के लगभग 5.95 प्रतिशत तक पहुंचने के साथ अल्पावधि उपज में काफी वृद्धि हुई।

कोविड–19 महामारी के प्रकोप के बाद से, सरकार की उधारी लगभग दोगुनी हो गई है, लेकिन घरेलू निवेशकों के पूल ने उसके साथ तालमेल नहीं बनाए रखा और घरेलू सॉवरेन बॉन्ड के वैश्विक सूचकांकों में सूचीबद्ध होने से पहले बहुत कुछ करने की आवश्यकता है। इसलिए, लगातार तीसरे वर्ष बड़े पैमाने पर उधार के सुचारू संचालन के लिए बहुत अधिक चुनौतियां हैं। दुनिया भर में केंद्रीय बैंकों द्वारा समायोजन के रुख को उलटने से प्रतिफल पर निराशाजनक दृष्टिकोण से यह और भी तेज हो गया है। यूक्रेन पर रूसी आक्रमण और चीन सहित दुनिया के कई हिस्सों में कोविड लॉकडाउन सहित अन्य संभावित भू–राजनीतिक तनावों से बांड बाजारों के लिए स्थिति को मुश्किल बनाने की उम्मीद है। भारत के बाहरी क्षेत्र पर निकट–अवधि का दृष्टिकोण भी काफी खराब हो गया है। परिपक्वता में बॉन्ड प्रतिफल में कमी आई है क्योंकि भू–राजनीतिक कारकों ने मुद्रास्फीति दृष्टिकोण को बढ़ा दिया है, वित्त वर्ष 2022–23 के लिए केंद्र और राज्यों द्वारा बड़े पैमाने पर उधारी के सुचारू संचालन के लिए चुनौतियों के संयोजन की योजना है।

❖ इक्विटी और म्यूचुअल फंड

भारतीय इक्विटी बाजारों ने पिछले वित्तीय वर्ष में महामारी के निचले स्तर से सबसे तेज उछालों से गुजरी है, हालांकि चालू वित्तीय वर्ष विकसित बाजारों में दरों में बढ़ोतरी, मुद्रास्फीति के दबाव, आपूर्ति बाधाओं, कमोडिटी की कमी और भू–राजनीतिक तनाव से प्रभावित

well supported by RBI through both conventional and unconventional measures including differentiated auction methodology, GSAP 1.0 and GSAP 2.0 program. However, during second half of the Financial Year, yields inched up significantly due to expectations of rate hikes by central banks in all major developed economies of the world on account of high inflation expectations due to surging commodity prices, and the Indian bond market yields were no exception.

During FY 2021-22, the 10 year benchmark G Sec yields rose to 6.95 per cent after the announcement of budgeted market borrowing of Rs. 14.95 Lakh Crore. However as per the revised borrowing calendar, gross market borrowing was pegged at Rs.14.31 Lakh Crore. As a result, the Central Government's borrowing programme for FY 2021-22 came to an end on 25th February 2022 and the total auctions were much lower than expected due to cancellations of scheduled auctions for the month of March 2022. This cooled off the yields temporarily, but in the recently conducted unscheduled MPC meeting (May 2022), RBI raised the benchmark repo rate by 40 bps due to concerns regarding domestic inflation along with a 50 bps CRR hike to drain out excess liquidity. This resulted in benchmark yields touching a high 7.49 per cent and it continues to be at elevated levels. The short term yield also spiked considerably with 1 year T Bill reaching a high 5.95 per cent on expectations of further hikes in the forthcoming MPC Meetings.

Since the advent of COVID-19 pandemic, the government's borrowing has almost doubled, but the pool of domestic investors has not kept pace with the same and still much needs to be done before domestic sovereign bonds are listed on global indices. Hence, the challenges for the smooth conduct of massive borrowings for the third consecutive year are galore. The same is further intensified by the gloomy outlook on yields aggravated by reversal of accommodative stance by central banks across the globe. Russian invasion of Ukraine and other expected geo-political tensions including COVID-19 lockdowns in many parts of the world including China, are further expected to make things difficult for the bond markets. The near-term outlook on India's external sector has also worsened considerably. Bond yields have hardened across the maturities as geo-political factors have clouded the outlook on inflation, further compounding the challenges for the smooth conduct of the massive borrowing planned by the Centre and the States for FY 2022-23.

❖ Equity & Mutual Funds

Indian equity markets have seen one of the steepest rallies from the lows of the pandemic in the last Financial Year, however the current financial year has been marred by rate hikes in developed markets, inflationary pressures, supply bottlenecks, commodity shortages and geo political

हुआ है। नतीजतन, विदेशी निवेशक पूरे वर्ष के लिए भारतीय इक्विटी के शुद्ध विक्रेता रहे, लेकिन घरेलू खुदरा और संस्थागत निवेशक बिक्री दबाव के प्रति कमोबेश लचीले रहे हैं। हालांकि, अगले वित्तीय वर्ष में, किसी भी नए सकारात्मक ट्रिगर के अभाव में इक्विटी बाजारों के कमोबेश मौन रहने की उम्मीद है। इसके अलावा, कोविड–19 के बारे में अनिश्चितताओं के कारण, राष्ट्रों के बीच तनाव के और बढ़ने और मुद्रास्फीति में तेज वृद्धि से बाजारों को केवल पेशकश की तरफ रखने की उम्मीद है।

❖ **विदेशी मुद्रा**

वित्त वर्ष 2021–22 के लिए बैंक की शुद्ध विदेशी मुद्रा आय रु.1,866 करोड़ थी। भारतीय रुपया पूरे वर्ष काफी हद तक स्थिर रहा और USD/INR 74–76 की व्यापक सीमा में इसने कारोबार किया। हालांकि, भू–राजनीतिक तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में असामान्य वृद्धि की वजह से 7 मार्च, 2022 के दौरान इसमें निम्न मूल्यह्रास हुआ और जिसके कारण यह USD/INR 77.01 पर आ गया। हालांकि, अस्थिरता को कम करने के लिए आरबीआई बाजारों में सक्रिय रहा। यह अंततः 31 मार्च, 2022 को USD/INR 75.92 पर बंद हुआ।

के. ग्राहक सेवा

बैंक ग्राहक सेवा के महत्व को पूरी तरह से समझता है और ग्राहकों को त्वरित एवं दक्षतापूर्ण सेवा प्रदान करने के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता देता रहता है। वांछित उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए, ग्राहक सेवा पर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशा–निर्देशों को ध्यान में रखते हुए बैंक ने एक सुदृढ़ शिकायत निवारण नीति तैयार की है। बैंक उक्त नीति में निर्धारित रुपरेखा के भीतर ग्राहकों की शिकायतों का निवारण सुनिश्चित कर रहा है।

ग्राहक सेवा में सुधार के लिए वर्ष के दौरान की गई पहल

❖ बैंक के पास एक ऑनलाइन शिकायत निवारण प्रबंधन पोर्टल है जिसे केंद्रीकृत शिकायत निवारण प्रबंधन प्रणाली (सीजीआरएमएस) कहा जाता है, ये इन–हाउस पोर्टल है। इस प्रणाली के माध्यम से, ग्राहक को तत्काल पावती मिल जाती है और वह शिकायत का ट्रैक भी रख सकता है। ग्राहक अपने अनुरोध/शिकायत को बैंक की वेबसाइट, इंटरनेट बैंकिंग सेवा, मोबाइल बैंकिंग सेवा और मोबाइल ऐप के माध्यम से सीजीआरएमएस में दर्ज करा सकते हैं।

❖ बैंक के पास दो अग्रणी सेवा प्रदाताओं के माध्यम से 24 × 7 × 365 आधार पर अपने ग्राहकों को टेली–बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए गुरुग्राम तथा नोएडा में अत्याधुनिक संपर्क केंद्र हैं। इन दो प्राथमिक केन्द्रों के अतिरिक्त, बैंक ने 13 क्षेत्रीय भाषाओं में अपने ग्राहकों को टेली–बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए देहरादून और भोपाल में दो अन्य संपर्क केंद्र भी स्थापित किए हैं। (वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान, आईवीआर पर मौजूदा 11 भाषाओं के अतिरिक्त 2 भाषाओं को शामिल किया गया था)।

tensions. As a result, foreign investors have been net sellers of Indian equities for the entire year, but domestic retail and institutional investors have been more or less resilient to selling pressures. However, in the next fiscal year, equity markets are expected to be more or less muted in absence of any fresh positive triggers. Also, uncertainties regarding COVID-19, further flare up of tensions between nations and steep rise in inflation, are expected to keep the markets on the offered side only.

❖ **Forex**

Net forex income of the Bank for FY 2021-22 was Rs. 1,866 Crore. The Indian Rupee remained largely stable throughout the year and traded in a broad range of USD/INR 74–76. However, it experienced a knee jerk depreciation during 7th March 2022 pushing it to USD/INR 77.01 on account of abnormal rise in crude oil prices due to geo-political tensions. However, RBI continued to be active in markets to smoothen out the volatility. It finally closed at USD/INR 75.92 on 31st March, 2022.

K. CUSTOMER CARE

The Bank fully realizes the importance of customer service and continues to lay utmost priority to render prompt and efficient service to customers. In order to achieve the desired objective, the Bank has formulated a robust Grievance Redressal Policy keeping in view the guidelines issued by Reserve Bank of India on Customer Service. The Bank is ensuring the redressal of the grievances of customers within the framework laid down in the said policy.

Initiatives undertaken during the year for improvement in customer service

❖ The Bank has an On-line Grievance Redressal Management Portal called Centralized Grievance Redressal Management System (CGRMS), which is in-house Portal. Through this system, the customer gets an immediate acknowledgement and can keep a track of the complaint also. Customers can lodge their requests/complaints in the CGRMS through Bank's website, Internet Banking Service, Mobile Banking Service and Mobile App.

❖ The Bank has state-of-the-art Primary Contact Centers at Gurugram and Noida to provide tele-banking services to its customers on 24 × 7 × 365 basis through two leading Service Providers. In addition to these two Primary Sites, the Bank has also established two Secondary Contact Centers at Dehradun and Bhopal to provide tele-banking services to its customers in 13 languages (During the FY 2021-22, 2 languages were incorporated over IVR in addition to existing 11 languages).

- ❖ इसके अलावा, वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान आईवीआर के माध्यम से संपर्क केंद्र द्वारा स्वयं सेवाओं की संख्या 14 तक बढ़ा दी गई है, जिससे वे अधिक ग्राहक अनुकूल हो गए हैं।
- ❖ बैंक ने शाखाओं में ग्राहक सेवा के मानक का आंकलन करने के लिए शाखाओं में गुप्त दौरे किए जाने हेतु ग्राहक सेवा केन्द्र, प्रधान कार्यालय, अंचल कार्यालय और मंडल कार्यालयों में अधिकारियों की टीमों का गठन किया है। वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान, बैंक के अधिकारियों ने पूरे भारत की शाखाओं के 14,576 गुप्त दौरे किये। दौरा करने वाले अधिकारियों द्वारा बताई गई कमियों को संबंधित शाखाओं तथा मंडल कार्यालयों के साथ साझा किया गया ताकि उन्हें दूर करने हेतु सुधारात्मक कदम उठाए जा सकें।
- ❖ बैंक द्वारा प्राप्त शिकायतों की स्थिति की समीक्षा बोर्ड की एक उप–समिति द्वारा "बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति", तिमाही आधार पर की जाती है। समिति की बैठकों की अध्यक्षता प्रबंध निदेशक एवं सीईओ द्वारा की जाती है।
- ❖ दामोदरन समिति की संस्तुतियों के अनुसार बैंक के पास एक आंतरिक लोकपाल है। यह प्रणाली बैंक द्वारा शिकायतों के निवारण में अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित करती है।
- ❖ सभी शाखाओं और मंडल कार्यालयों में ग्राहक सेवा समितियां, ग्राहक सेवा की गुणवत्ता की जांच करती हैं और ग्राहक सेवा में सुधार के लिए प्रतिक्रिया /सुझावों की बारीकी से जांच करती हैं। ये समितियां माह में एक बार बैठक आयोजित करती हैं जहां कर्मचारी और आमंत्रित ग्राहक सेवा से संबंधित मुद्दों पर खुलकर बातचीत करते हैं।
- ❖ प्रत्येक माह एक मासिक पत्रिका **"कस्टमर स्पीक्स"** प्रकाशित की जाती है जिसमें ग्राहकों द्वारा दर्ज की गई चुनींदा शिकायतें और किए गए शिकायतकर्ताओं को प्रदान की गई कार्रवाई/समाधान का भी उल्लेख किया जाता है। बैंक के अधिकारियों की सेवा की सराहना करते हुए ग्राहकों द्वारा जारी किए गए प्रशंसा पत्र भी पत्रिका में प्रकाशित किये जाते हैं। फील्ड स्टाफ के लाभ के लिए ग्राहक सेवा, उत्पादों और सेवाओं से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर बैंक के दिशानिर्देशों को पत्रिका में हाइलाइट किया जाता है।
- ❖ बैंक के उत्पादों और सेवाओं के बारे में फील्ड स्टाफ के बीच जागरूकता बढ़ाने और उन्हें अति महत्वपूर्ण मुद्दों के बारे में जागरूक करने के लिए सभी शाखाओं में मासिक अंतराल पर थीम आधारित बैठकें पूर्व–निर्धारित तिथि और थीम पर आयोजित की जा रही हैं।
- ❖ बैंक में डोर स्टॅप बैंकिंग सेवाएँ उपलब्ध है। यह एक ऐसी सुविधा है जिसके द्वारा ग्राहक 100 केंद्रों पर वेंडर के माध्यम से घर पर ही कई वित्तीय/गैर–वित्तीय बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। यह ग्राहकों को अपने घर से विभिन्न प्रकार की बैंकिंग सेवाएं प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करता है।
- ❖ शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए बैंक ने समस्त अंचल कार्यालय/मंडल कार्यालय स्तर पर उप अंचल प्रबंधक/उप मंडल प्रमुख के पद वाले मुख्य ग्राहक कार्यपालक अधिकारी (सीसीईओ) को

- ❖ Further, the number of self-services extended to 14 by Contact Centre through IVR during FY 2021-22 thereby making them more customer friendly.
- ❖ The Bank has constituted teams of officials at Customer Care Centre at Head Office, Zonal Offices and Circle Offices to pay incognito visit to branches to assess standard of service. During FY 2021-22, officials of the Bank made 14,576 incognito visits to branches pan India. Deficiencies pointed out by the visiting officials are being shared with the concerned branches/Circle Offices for taking corrective steps.
- ❖ The status of complaints received by the Bank is reviewed by "Customer Service Committee of the Board", a Sub-Committee of the Board, on quarterly basis. The meetings of the Committee are presided over by Managing Director & CEO.
- ❖ The Bank has in place an Internal Ombudsman as per the recommendations of the Damodaran Committee. The system ensures greater transparency in the redressal of grievances by the Bank.
- ❖ Customer Service Committees in all the branches and Circle Offices look into the quality of customer service rendered and critically examine the feedback/suggestions for improvement in customer service. These committees meet once in a month where staff and the invited customers interact freely on service-related issues.
- ❖ A monthly magazine **"Customer Speaks"** is published in which selected complaints filed by customers and the action taken/resolution provided to the complainants are also mentioned. Appreciation letters issued by customers appreciating the service of officials of the bank are also published in the magazine. Bank's guidelines on important issues pertaining to customer service, products and services are highlighted in the magazine for the benefit of field staff.
VII. लेखापरीक्षकों की फीस और व्यय (शाखा लेखापरीक्षकों सहित) Auditors' fees and expenses (including branch auditors)	63,04,81	83,53,98
VIII. विधि प्रभार Law charges	75,06,72	74,54,66
IX. पोस्टेज, टेलीग्राम, दूरभाष, आदि। Postage, Telegrams, Telephones, etc.	330,71,76	289,82,85
X. मरम्मत और रखरखाव Repairs and maintenance	558,16,26	483,25,96
XI. बीमा Insurance	1521,55,14	1470,87,37
XII. अन्य व्यय Other expenditure	3447,51,87	3276,78,61
कुल **TOTAL**	**20252,59,51**	**20308,74,75**

अनुसूची 17 : (एकल) 31.03.2022
महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां

1. लेखे तैयार करने का आधार:

वित्तीय विवरणियां परम्परागत लागत के आधार पर तैयार की गई हैं तथा समस्त महत्वपूर्ण दृष्टियो से भारत में सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धान्तों (जीएएपी) के अनुरूप हैं, जब तक कि अन्यथा उल्लेखित न हो जिनमें लागू सांविधिक प्रावधान, भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा निर्धारित विनियामक मानदण्ड, भारतीय रिज़र्व बैंक ('आरबीआई') द्वारा समय–समय पर जारी परिपत्र तथा दिशानिर्देश, बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी लेखांकन मानदण्ड (एएस) तथा ज्ञापन व भारत में बैंकिंग उद्योग में मौजूदा प्रथाएं भी शामिल हैं।

विदेशी कार्यालयों के सम्बन्ध में, संबंधित देशों में लागू सांविधिक प्रावधानों और प्रथाओं का पालन किया गया है, अन्यत्र यथाविनिर्दिष्ट के अतिरिक्त।

वित्तीय विवरणियों को उपचय अवधारणा के साथ कार्यशील संस्था आधार पर तैयार किया गया है तथा लेखांकन नीतियां एवं निरंतर अपनाई गई प्रथाओं के अनुरूप है, जब तक अन्यथा उल्लेखित न हों।

2. अनुमानों का उपयोग

वित्तीय विवरणियां तैयार करने के लिए प्रबंधन को वित्तीय विवरणियों की तिथि तक रिपोर्ट की गई आस्तियों एवं देयताओं (आकस्मिक देयताओं सहित) तथा रिपोर्टिंग अवधि के लिए रिपोर्ट किए गए आय और व्यय में विचारार्थ अनुमान तथा धारणाएं बनाने की आवश्यकता पड़ती है। प्रबंधन को विश्वास है कि वित्तीय विवरणियाँ तैयार करने में उपयोग किए गए अनुमान विवेक सम्मत और तर्कसंगत हैं।

भावी परिणाम इन अनुमानों से अलग हो सकते हैं।

वास्तविक परिणामों और अनुमानों के बीच के अंतर का निर्धारण उस अवधि में पहचाना गया है जिसमें परिणाम ज्ञात/कार्यावित हुए हैं।

वर्तमान एवं भावी अवधि में लेखांकन अनुमानों में किसी प्रकार का संशोधन भविष्यलक्षी प्रभाव से माना जाता है जब तक कि अन्यथा उल्लेखित न हो।

3. राजस्व निर्धारण

3.1 आय/व्यय (पैरा 3.5 में संदर्भित मदों से भिन्न) को सामान्यतः उपचय आधार पर लेखांकित किया जाता है।

SCHEDULE 17 : (STANDALONE) 31.03.2022
SIGNIFICANT ACCOUNTING POLICIES

1. BASIS OF PREPARATION:

The financial statements have been prepared on historical cost basis and conform, in all material aspects, to Generally Accepted Accounting Principles (GAAP) in India unless otherwise stated encompassing applicable statutory provisions, regulatory norms prescribed by Reserve Bank of India (RBI), circulars and guidelines issued by the Reserve Bank of India ('RBI') from time to time, Banking Regulation Act 1949, Accounting Standards (AS) and pronouncements issued by The Institute of Chartered Accountants of India (ICAI) and prevailing practices in Banking industry in India.

In respect of foreign offices, statutory provisions and practices prevailing in respective foreign countries are complied with except as specified elsewhere.

The financial statements have been prepared on going concern basis with accrual concept and in accordance with the accounting policies and practices consistently followed unless otherwise stated.

2. USE OF ESTIMATES:

The preparation of financial statements requires the management to make estimates and assumptions considered in the reported amounts of assets and liabilities (including contingent liabilities) as on the date of the financial statements and the reported income and expenses for the reporting period. Management believes that the estimates used in the preparation of the financial statements are prudent and reasonable.

Future results could differ from these estimates.

Difference between the actual results and estimates is recognized in the period in which the results are known / materialized.

Any revision to the accounting estimates is recognized prospectively in the current and future periods unless otherwise stated.

3. REVENUE RECOGNITION:

3.1 Income & expenditure (other than items referred to in paragraph 3.5) are generally accounted for on accrual basis.

3.2 अग्रिमों और निवेशों को मिलाकर अनर्जक आस्तियों (एनपीए) से आय का निर्धारण वसूली होने पर किया जाता है, जो भारतीय रिज़र्व बैंक/विदेशी कार्यालयों के मामले में संबंधित देशों के विनियम (जिसे इसके पश्चात् समेकित रूप से विनियामक प्राधिकरण कहा गया है) द्वारा निर्धारित विवेकपूर्ण मानदंडों के अनुसार है।

3.3 प्राथमिकता के क्रम में वसूली के विनियोग का तरीका निम्नानुसार होगाः

(क) एनपीए खातों की वसूलियां (वसूली कार्रवाई की विधि/स्थिति/चरण पर विचार किये बिना) नीचे उल्लिखित मदों (ख) एवं (ग) के तहत कवर किए गए मामलों को छोड़कर निम्नलिखित प्राथमिकता क्रम में विनियोजित की जाएगीः

i. सरफेसी कार्रवाई के अधीन सहित वसूली हेतु किए गए व्यय/फुटकर खर्च (पूर्व में ज्ञापन देयों में रिकार्ड किये गये)

ii. इसके बाद ब्याज अनियमितताओं/उपचित ब्याज के प्रति

iii. प्रमुख अनियमितताएं अर्थात् खाते में बकाया एनपीए

उपरोक्त में किसी प्रकार की विसंगतियों पर एचओसीएसी–III (एचओसीएसी – तक की विभिन्न समितियों की शक्तियों के अंतर्गत आने वाले प्रस्तावों के लिए) और प्रबंधन समिति द्वारा अपनी निहित शक्तियों के तहत प्रस्तावों के लिए विचार किया जा सकता है।

(ख) हालाँकि, एनसीएलटी के माध्यम से समझौता एवं समाधान/निपटान के मामले में, वसूली संबंधित समझौता/ समाधान निपटान की शर्तों के अनुसार विनियोजित की जाएँगी।

(ग) वाद दायर/डिक्री खातों के मामले में, वसूली निम्नानुसार विनियोजित की जाएगीः

- संबंधित न्यायालय के निर्देशानुसार।
- न्यायालय के विशिष्ट निर्देशों के अभाव में, जैसा कि ऊपर बिंदु (क) में बताया गया है।

3.4 एनपीए की बिक्री, को भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित दिशा–निर्देशों तथा पैरा 5.3 के अंतर्गत प्रकटीकरण के अनुसार लेखांकित किया गया है।

3.5 कमीशन, (सरकारी कारोबार, बीमा व्यापार, म्यूच्यूअल फंड व्यापार, साखपत्र एवं बैंक गारंटी को छोड़कर), विनिमय, लॉकर किराए, व्यापार बैंकिंग लेनदेनों से प्राप्त आय और 'व्यापार' के रूप में नामित रूपया व्युत्पन्नी पर आय वसूली होने पर और बीमा दावों को निपटान पर लेखांकित किया जाता है। अतिदेय देशी बिलों पर ब्याज को वसूली होने पर हिसाब में लिया जाता है और अतिदेय विदेशी बिल पर ब्याज को इसका क्रिस्टलीकरण होने तक क्रिस्टलीकरण पर तथा उसके बाद वसूली होने पर ब्याज में लिया जाता है।

3.2 Income from Non- Performing Assets (NPAs), comprising of advances and investments, is recognized upon realization, as per the prudential norms prescribed by the RBI/ respective country regulators in the case of foreign offices (hereafter collectively referred to as Regulatory Authorities).

3.3 Mode of appropriation of recovery in order of priority will be as below:

(a) Recoveries in NPA accounts (irrespective of the mode / status / stage of recovery actions) shall be appropriated in the following order of priority except for the cases covered under below mentioned points (b) & (c):

i. Expenditure/Out of Pocket Expenses incurred for Recovery, including under SARFAESI Action (Recorded in Memorandum Dues);

ii. Thereafter towards the unrealised/accrued interest.

iii. Principal irregularities i.e. NPA outstanding in the account.

Any exceptions to the above may be considered by HOCAC-III (for proposals falling under the powers of various committee's upto HOCAC-III) & Management Committee for proposals under its vested powers.

(b) However, in case of Compromise and Resolution/Settlement through NCLT, recovery shall be appropriated as per the terms of respective compromise/ resolution settlement.

(c) In case of suit filed/decreed accounts, recovery shall be appropriated as under:-

- As per the directives of the concerned Court.
- In the absence of specific directives from the Court, as mentioned at point (a) above.

3.4 The sale of NPA is accounted as per guidelines prescribed by RBI and as disclosed under Para 5.3.

3.5 Commission (excluding on Government Business, Insurance Business, Mutual Fund Business, Letter of Credit and Bank Guarantee), exchange, locker rent and Income on Rupee Derivatives designated as "Trading" are accounted for on realization and insurance claims are accounted for on settlement. Interest on overdue inland bills is being accounted for on realization and interest on overdue foreign bill, till its crystallization is accounted for on crystallization and thereafter on realization.

3.6 वाद दायर खातों के मामले में संबंधित कानूनी और अन्या खर्चे लाभ – हानि लेखे में डाले जाते हैं और इसकी वसूली होने पर उनकी गणना तदनुसार की जाती है ।

3.7 आयकर के रिफंड पर ब्याज से होने वाली आय को संबंधित प्राधिकारियों द्वारा पारित आदेश के वर्ष में लेखांकित किया जाता है।

3.8 ऑपरेटिंग पट्टे पर ली गई आस्तियों के लिए लागत वृद्धि सहित पट्टे का भुगतान पट्टे अवधि के ऊपर आईसीएआई द्वारा जारी एएस 19 (लीज़ेस) के अनुसार लाभ–हानि लेखे में लिया जाता है।

3.9 क्रेडिट कार्डों पर रिवार्ड प्वाइंट्स के लिए प्रावधान प्रत्येक श्रेणी में संचित बकाया प्वांइटस पर आधारित है।

3.10 मीयादी जमा (टीडी) परिपक्व होता है और आय का भुगतान नहीं किया जाता है, बैंक के पास दावा न की गई राशि पर बचत खाते पर लागू ब्याज दर या परिपक्व मीयादी जमा पर ब्याज की अनुबंधित दर, जो भी कम हो, देय होगी।

3.11 लाभांश (अंतरिम लाभांश को छोड़कर) प्राप्त करने का अधिकार स्थापित होने पर लाभांश की गणना की जाती है।

4. निवेश

4.1 प्रतिभूतियों में लेनदेन ''निपटान तिथि'' को दर्ज किया जाता है।

4.2 निवेशों को बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की तीसरी अनुसूची के फार्म ए में यथानिर्दिष्ट छह श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है ।

4.3 नीचे दिए गए भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप निवेशों को ''परिपक्वता तक धारित'', ''बिक्री हेतु उपलब्ध'' तथा ''व्यापार हेतु धारित'' श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है:

(क) बैंक द्वारा परिपक्वता तक रखे जाने की मंशा से अर्जित प्रतिभूतियों को 'परिपक्वता तक धारित' श्रेणी में रखा गया है।

(ख) बैंक द्वारा अल्पावधि मूल्य/ब्याज दर उतार –चढ़ाव का लाभ उठाते हुए व्यापार हेतु रखे जाने की मंशा से अर्जित प्रतिभूतियों को ''व्यापार हेतु धारित'' निवेशों में वर्गीकृत किया गया है।

(ग) जो प्रतिभूतियां उपर्युक्त दोनों श्रेणियों में नहीं आतीं उन्हें ''बिक्री हेतु उपलब्ध'' श्रेणी के अधीन वर्गीकृत किया गया है।

4.4 अनुषंगियों, संयुक्त उपक्रमों और सहयोगी संस्थाओं में निवेश को एचटीएम के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

4.5 प्रतिभूतियों का अंतरण एक श्रेणी से दूसरी श्रेणी में अंतरण की तिथि को अधिग्रहण लागत/बही मूल्य/बाजार मूल्य में से निम्न मूल्य पर किया जाता है। यदि ऐसे अंतरण पर कोई मूल्यह्रास हो तो उसके लिए पूरा प्रावधान किया गया है।

हालांकि प्रतिभूतियों का अंतरण एचटीएम श्रेणी से एएफएस श्रेणी में बही मूल्य पर किया जाता है। अंतरण के पश्चात् ये प्रतिभूतियां तुरंत पुनर्मूल्यांकित की जाती है और परिणामस्वररूप मूल्यह्रास, यदि कोई हो, का प्रावधान किया जाता है।

3.6 In case of suit filed accounts, related legal and other expenses incurred are charged to Profit & Loss Account and on recovery the same are accounted for as such.

3.7 Income from interest on refund of income tax is accounted for in the year the order is passed by the concerned authority.

3.8 Lease payments including cost escalation for assets taken on operating lease are recognized in the Profit and Loss Account over the lease term in accordance with the AS 19 (Leases) issued by ICAI.

3.9 Provision for Reward Points on Credit cards is made based on the accumulated outstanding points in each category.

3.10 Term Deposit (TD) matures and proceeds are unpaid, the amount left unclaimed with the bank shall attract rate of interest as applicable to savings account or the contracted rate of interest on the matured TD, whichever is lower.

3.11 Dividend (excluding Interim Dividend) is accounted for as and when the right to receive the dividend is established.

4. INVESTMENTS:

4.1 The transactions in Securities are recorded on “Settlement Date”.

4.2 Investments are classified into six categories as stipulated in form A of the third schedule to the Banking Regulation Act, 1949.

4.3 Investments have been categorized into “Held to Maturity”, “Available for Sale” and “Held for Trading” in terms of RBI guidelines as under:

(a) Securities acquired by the Bank with an intention to hold till maturity are classified under “Held to Maturity”.

(b) The securities acquired by the Bank with an intention to trade by taking advantages of short-term price/ interest rate movements are classified under “Held for Trading”.

(c) The securities, which do not fall within the above two categories, are classified under “Available for Sale”.

4.4 Investments in subsidiaries, joint ventures and associates are classified as HTM.

4.5 Transfer of securities from one category to another is carried out at the lower of acquisition cost/ book value/ market value on the date of transfer. The depreciation, if any, on such transfer is fully provided for.

However, transfer of securities from HTM category to AFS category is carried out on book value. After transfer, these securities are immediately revalued and resultant depreciation, if any, is provided.

निवेश को उसकी खरीददारी के समय ही एचटीएम, एचएफटी या एएफएस के रूप में वर्गीकृत किया जाता है और विभिन्न श्रेणियों के बीच तत्संबंधी शिफ्टिंग विनियामक दिशानिर्देशों के अनुरूप की जाती है।

4.6 किसी निवेश की अधिग्रहण लागत निर्धारित करने में:

(ए) प्रतिभूतियों के अधिग्रहण के सम्बन्ध में अदा की गई दलाली, कमीशन, प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) इत्यादि को अग्रिम राजस्व व्ययों के रूप में माना गया है और इसे लागत से बाहर रखा गया है।

(बी) प्रतिभूतियों के अधिग्रहण/बिक्री की तारीख तक अर्जित ब्याज अर्थात् खंडित अवधि के लिए ब्याज की अधिग्रहण लागत/बिक्री के प्रतिफल से बाहर रखा गया है और इसकी गणना उपचित ब्याज में की गई है न कि देय खाते में।

(सी) निवेशों की सभी श्रेण्यिों के लिए लागत का निर्धारण भारित औसत लागत पद्धति के आधार पर किया गया है ।

4.7 भारतीय रिज़र्व बैंक/एफआईएमएमडीए के दिशा–निर्देशानुसार, निवेश का मूल्यांकन निम्नलिखित आधार पर किया गया है:

परिपक्वता तक धारित :

(i) ''परिपक्वता तक धारित'' श्रेणी के अधीन निवेशों को अर्जन लागत पर लिया गया है।

जहाँ कहीं अंकित मूल्य/प्रतिदान मूल्य से बही मूल्य अधिक हो तो प्रीमियम को परिपक्वता की शेष अवधि में सीधी रेखा पद्धति आधार पर परिशोधित किया जाता है। **''निवेशों पर आय''** शीर्ष के अंतर्गत आय के विरूद्ध ऐसे प्रीमियम का परिशोधन प्रदर्शित किया गया है।

(ii) अनुषंगियों/संयुक्त उद्यमों/सहयोगियों में अस्थायी निवेश से भिन्न प्रत्येक व्यक्तिगत निवेशों की प्रकृति में किये गये निवेश का मूल्यांकन रखाव लागत में से ह्रास को हटाकर किया गया है।

(iii) प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में निवेशों का मूल्यांकन रखाव लागत पर किया गया है।

(iv) उद्यम पूंजी में निवेशों का मूल्यांकन रखाव लागत पर किया गया है।

(v) एचटीएम श्रेणी में रखे गए इक्विटी शेयर का मूल्यांकन रखाव लागत पर किया गया है।

बिक्री हेतु उपलब्ध और व्यापार हेतु धारित :

(ए)	**सरकारी प्रतिभूतियां**	
	I. केन्द्र सरकार की प्रतिभूतियां	फिक्सड इनकम मनी मार्किट एण्ड डेरिवेटिव्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफआईएमएमडीए) फाईनेंशियल बेंचमार्क इंडिया प्रा. लि. (एफबीआईएल) द्वारा यथा प्रकाशित बाज़ार मूल्यों/परिपक्वता पर आय पर
	II. राज्य सरकारों की प्रतिभूतियां	एफआईएमएमडीए/ भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार उपयुक्त परिपक्वता आय आधार पर

An investment is classified as HTM, HFT or AFS at the time of its purchase and subsequent shifting amongst categories is done in conformity with regulatory guidelines.

4.6 In determining acquisition cost of an investment

(a) Brokerage, commission, Securities Transaction Tax (STT) etc. paid in connection with acquisition of securities are treated as revenue expenses upfront and excluded from cost.

(b) Interest accrued up to the date of acquisition/sale of securities i.e. broken- period interest is excluded from the acquisition cost/sale consideration and the same is accounted in interest accrued but not due account.

(c) Cost is determined on the weighted average cost method for all categories of investments.

4.7 Investments are valued as per RBI/ FIMMDA guidelines, on the following basis:

Held to Maturity

(i) Investments under "Held to Maturity "category are carried at acquisition cost.

Wherever the book value is higher than the face value/redemption value, the premium is amortized over the remaining period to maturity on straight line basis. Such amortization of premium is **reflected in Interest Earned** under the head "Income on investments" as a deduction.

(ii) Investments in subsidiaries/joint ventures/ associates are valued at carrying cost less diminution, other than temporary in nature for each investment individually.

(iii) Investments in sponsored regional rural banks are valued at carrying cost.

(iv) Investment in Venture Capital is valued at carrying cost.

(v) Equity shares held in HTM category are valued at carrying cost.

Available for Sale and Held for Trading:

(a)	**Govt. Securities**	
	I. Central Govt. Securities	At market prices/YTM as published by Fixed Income Money Market and Derivatives Association of India (FIMMDA) / Financial Benchmark India Pvt. Ltd (FBIL).
	II. State Govt. Securities	On appropriate yield to maturity basis as per FIMMDA/RBI guidelines.

(बी)	केंद्रीय/राज्य सरकारों द्वारा गारंटी वाली प्रतिभूतियां, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के बॉण्ड (अग्रिमों की प्रकृति के नहीं)	एफआईएमएमडीए/ भारतीय रिज़र्व बैंक दिशानिर्देशों के अनुसार उपयुक्त परिपक्वता आय आधार पर
(सी)	ट्रेज़री बिल	रखाव लागत पर
(डी)	इक्विटी शेयर	यदि कोट किया गया हो तो बाज़ार मूल्य पर अन्यथा नवीनतम तुलन–पत्र (जो एक वर्ष से पुराना न हो) के अनुसार शेयरों के ब्रेक–अप मूल्य पर, अन्यथा प्रति कंपनी रु.1/–
(ई)	अधिमानी शेयर	यदि कोट किया गया हो तो बाज़ार मूल्य पर अन्यथा भारतीय रिज़र्व बैंक/एफआईएमएमडीए मार्गनिर्देशों के अनुसार उपयुक्त परिपक्वता आय पर किंतु प्रतिदान मूल्य से अधिक नहीं
(एफ)	बाण्ड और डिबेंचर (अग्रिमों की प्रकृति के नहीं)	यदि कोट किया गया हो तो बाज़ार मूल्य पर अन्यथा भारतीय रिज़र्व बैंक/ एफआईएमएमडीए मार्गनिर्देशों के अनुसार, उपयुक्त परिपक्वता आय पर
(जी)	म्यूचुअल फण्डों के यूनिट	यदि कोट किया गया हो तो स्टॉक एक्सचेंज के भाव के अनुसार और यदि कोट न किया गया हो, तो पुनर्खरीद मूल्य/एनएवी पर
(एच)	वाणिज्यिक पत्र	रखाव लागत पर
(आई)	जमा प्रमाणपत्र	रखाव लागत पर
(जे)	एआरसीआईएल की प्रतिभूति रसीदें	एआरसीआईएल द्वारा की गई घोषणा के अनुसार आस्ति के निवल आस्ति मूल्य पर
(के)	उद्यम पूँजी निधियाँ	उद्यम पूँजी निधियों द्वारा की गई घोषणा के अनुसार आस्ति के निवल आस्ति मूल्य पर (एनएवी)
(एल)	अन्य निवेश	लागत में मूल्यह्रास को घटाकर रखाव लागत पर

बिक्री हेतु उपलब्ध तथा व्यापार हेतु धारित श्रेणी वर्ग में उपर्युक्त मूल्यांकन प्रत्येक स्क्रिप के लिए अलग–अलग तिमाही आधार पर किया जाता है तथा प्रत्येक वर्गीकरण के लिए मूल्यह्रास/वृद्धि जोड़ी जाती है। यदि शुद्ध मूल्यह्रास है तो प्रत्येक वर्गीकरण के लिए प्रावधान किया जाता है जबकि शुद्ध वृद्धि दर्शायी नहीं जाती है। मूल्यह्रास के लिए प्रावधान पर व्यक्तिगत प्रतिभूति का बही मूल्य बाज़ार हेतु चिह्नित करने के पश्चात् अपरिवर्तित रहता है।

4.8 भारतीय रिज़र्व बैंक के एनपीआई वर्गीकरण के विवेकपूर्ण मानदंडों के अनुरूप निवेश उपयुक्त प्रावधानीकरण तथा आय अमान्यीकरण के अधीन हैं। अनर्जक प्रतिभूतियों के संबंध में मूल्यह्रास/ प्रावधान, अन्य अर्जक प्रतिभूतियों के संबंध में वृद्धि के प्रति समंजन (सैट ऑफ) नहीं किया गया है।

(b)	Securities guaranteed by Central / State Government, PSU Bonds (not in the nature of advances)	On appropriate yield to maturity basis as per FIMMDA/ RBI guidelines
(c)	Treasury Bills	At carrying cost
(d)	Equity shares	At market price, if quoted, otherwise at breakup value of the Shares as per latest Balance Sheet (not more than one year old), otherwise at Re.1 per company
(e)	Preference shares	At market price, if quoted or on appropriate yield to maturity basis not exceeding redemption value as per RBI/ FIMMDA guidelines.
(f)	Bonds and debentures (not in the nature of advances)	At market price, if quoted, or on appropriate yield to maturity basis as per RBI/ FIMMDA guidelines.
(g)	Units of mutual funds	As per stock exchange quotation, if quoted; at repurchase price/NAV, if unquoted
(h)	Commercial Paper	At carrying cost
(i)	Certificate of Deposits	At carrying cost
(j)	Security receipts of ARCIL	At net asset value of the asset as declared by ARCIL
(k)	Venture Capital Funds	At net asset value (NAV) declared by the VCF
(l)	Other Investments	At carrying cost less diminution in value

The above valuation in category of Available for Sale and Held for Trading is done scrip wise on quarterly basis and depreciation/appreciation is aggregated for each classification. Net depreciation for each classification, if any, is provided for while net appreciation is ignored. On provision for depreciation, the book value of the individual security remains unchanged after marking to market.

4.8 Investments are subject to appropriate provisioning/ de-recognition of income, in line with the prudential norms of Reserve Bank of India for NPI classification. The depreciation/provision in respect of non-performing securities is not set off against the appreciation in respect of the other performing securities.

एक ईकाई द्वारा प्राप्त् की गई ऋण सुविधा यदि बैंक की बही में एनपीए है, तो उसी ईकाई द्वारा जारी प्रतिभूतियों में कोई भी निवेश एनपीआई के रूप में या इसके विपरीत क्रम में माना जाएगा। तथापि एनपीआई अधिमानी शेयरों के संबंध में जहां लाभांश का भुगतान नहीं किया जाता वहां तदनुरूपी ऋण सुविधा को एनपीए नहीं माना जाएगा।

प्रतिभूतियों अर्थात बांड, डिबेंचर आदि के मामले में जहां उधारकर्ताओं द्वारा ऋण सुविधाओं का लाभ उठाया जाता है, वहां प्रावधान वाईटीएम या आईआरएसी मानदंड, जो भी अधिक हो, के आधार पर किया गया है।

4.9 किसी भी श्रेणी के निवेशों की बिक्री से हुए लाभ अथवा हानि को लाभ व हानि लेखे में ले जाया जाता है किंतु 'परिपक्वता हेतु धारित' श्रेणी के निवेशों की बिक्री से हुए लाभ के मामले में उसकी समतुल्य राशि (सांविधिक रिजर्व में अंतरित की जाने वाली राशि और कर घटाकर) 'पूंजी प्रारक्षित निधि' खाते में विनियोजित की जाती है ।

4.10 वापस खरीद व्यवस्था के अन्तर्गत पुनःखरीदी/पुनः बेची गयी प्रतिभूतियों को उनकी मूल लागत पर लेखांकित किया जाता है ।

4.11 रेपो व रिवर्स रेपो के अंतर्गत बेची व खरीदी गई प्रतिभूतियों को संपार्श्विक उधार व उधारी लेन–देनों के तौर पर लिया जाता है। हालांकि सामान्य सीधी बिक्री/खरीद लेन–देन के मामले में प्रतिभूतियों को अंतरित किया जाता है तथा प्रतिभूतियों का ऐसा संचालन रिपो/रिवर्स रेपो खातों का प्रयोग करके और प्रति प्रविष्टियों में प्रदर्शित होता है। उक्त प्रविष्टियों परिपक्वता तिथि पर रिवर्स की जाती है। लागत व राजस्व को ब्याज व्यय/आय माना जाता है, जैसा भी मामला हो। रेपो खाते में शेष को अनुसूची 4 (उधारी) तथा रिवर्स रिपो खाते में शेष को अनुसूची 7 (बैंक के पास शेष तथा मांग व अल्प सूचना पर देय राशि नोटिस) के अंतर्गत रखा जाता है। यह आरबीआई के साथ एलएएफ पर भी लागू होता है।

4.12 व्युत्पन्न (डेरिवेटिव्स) लेन–देन व्यापार अथवा प्रतिरक्षा के प्रयोजन से किये गये हैं । व्यापारिक लेन–देन बाज़ार मूल्य पर है। भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशानुसार अदलाबदली की विभिन्न श्रेणियों का निम्नवत् मूल्यन किया गया है :

बचाव अदला बदली (हैज स्वैप)

ब्याज दर अदला–बदली जो ब्याज वाहक आस्ति अथवा देयता की प्रतिरक्षा करती है, को उपचय आधार पर लेखांकित किया जाता है, किसी आस्ति अथवा देयता के साथ अभिहित अदलाबदली को छोड़कर जो वित्तीय विवरणी में बाज़ार मूल्य अथवा लागत में से कम कीमत पर लिया जाता है।

अदला बदली की समाप्ति पर लाभ या हानि को अदलाबदली की शेष संविदागत अवधि अथवा आस्ति/देयता की शेष अवधि में से जो भी कम हो, पर माना जाता है ।

If any credit facility availed by an entity is NPA in the books of the Bank, investment in any of the securities issued by the same entity would also be treated as NPI and vice versa. However, in respect of NPI preference share where the dividend is not paid, the corresponding credit facility is not treated as NPA.

In case of securities i.e. bonds, debentures, etc. where the credit facilities are availed by the borrowers, the provision has been made on the basis of YTM or IRAC norms whichever is higher.

4.9 Profit or loss on sale of investments in any category is taken to Profit and Loss account but, in case of profit on sale of investments in "Held to Maturity" category, an equivalent amount (net of taxes and amount required to be transferred to Statutory Reserve) is appropriated to "Capital Reserve Account".

4.10 Securities repurchased/resold under buy back arrangement are accounted for at original cost.

4.11 The securities sold and purchased under Repo/ Reverse Repo are accounted as Collateralized lending and borrowing transactions. However, securities are transferred as in the case of normal outright sale/ purchase transactions and such movement of securities is reflected using the Repo/Reverse Repo Accounts and Contra entries. The above entries are reversed on the date of maturity. Costs and revenues are accounted as interest expenditure/income, as the case may be. Balance in Repo Account is classified under schedule 4 (Borrowings) and balance in Reverse Repo Account is classified under Schedule 7 (Balance with Banks and Money at Call & Short Notice).The same is also applicable to LAF with RBI.

4.12 The derivatives transactions are undertaken for trading or hedging purposes. Trading transactions are marked to market. As per RBI guidelines, different categories of swaps are valued as under:-

Hedge Swaps

Interest rate swaps with hedge interest bearing asset or liability are accounted for on accrual basis except the swaps designated with an asset or liability that are carried at market value or lower of cost in the financial statement.

Gain or losses on the termination of swaps are recognized over the shorter of the remaining contractual life of the swap or the remaining life of the asset/ liabilities.

व्यापारिक अदला बदली (ट्रेडिंग स्वाप)

व्यापारिक अदलाबदली की लेन देन को वित्तीय विवरणियों में रिकार्ड किए गए परिवर्तनों सहित बाज़ार मूल्य पर चिह्नित किया जाता है।

व्यापारिक उद्देश्यों के लिए किए गए एक्सचेंज में किये गए डेरीवेटिव्स सौदे एक्सचेंज द्वारा दी गई दरों के आधार पर प्रचलित ब्याज दर पर मूल्यांकित किए जाते हैं और प्राप्त लाभों एवं हानियों को लाभ व हानि लेखे में लिया जाता है।

4.13 विदेशी मुद्रा विकल्प:

अन्य बैंक के साथ बैक टू बैक कान्ट्रेक्ट के रूप में बैंक द्वारा किया गया विदेशी मुद्रा विकल्प बाज़ार मूल्य पर नहीं है, क्योंकि इसमें बाज़ार जोखिम नहीं है ।

प्राप्त प्रीमियम को देयता के रूप में रखा गया है और परिपक्वता/निरस्तीकरण पर लाभ व हानि लेखे में अन्तरित किया गया है ।

5. ऋण/अग्रिम और इसके लिए प्रावधान

5.1 अग्रिमों का वर्गीकरण अर्जक और अनर्जक आस्तियों के रूप में किया जाता है और उनके लिए भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित विवेकपूर्ण मानदंडों के अनुसार प्रावधान किया जाता है ।

(ए) अग्रिमों को उधारकर्तावार मानक, अवमानक, संदिग्ध एवं हानि आस्ति के रूप में वर्गीकृत किया जाता है ।

(बी) अग्रिम विशिष्टा ऋण हानि प्रावधानों, पुनर्गठित अग्रिमों की उचित मूल्य में कमी के लिए प्रावधान को घटाकर उल्लेखित हैं।

5.2 विदेशी कार्यालयों के संबंध में ऋणों एवं अग्रिमों, का वर्गीकरण और एनपीए के लिए प्रावधान स्थानीय विनियमों या भा.रि.बैंक मानक, जो भी अधिक कठोर हो, के अनुसार किया गया है ।

विदेशी शाखाओं में रखे ऋण एवं अग्रिम जो वसूली के रिकार्ड के अलावा अन्य कारणों के लिए मेजबान देश के विनियमों के अनुसार क्षति के रूप में चिन्ह्ति हैं, किंतु जो भारतीय रिजर्व बैंक के मौजूदा दिशा–निर्देशों के अनुसार स्टैण्डर्ड हैं, को मेजबान देश में बकाया राशि की सीमा तक एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

5.3 बेची गई वित्तीय आस्तियों को निम्नलिखित रूप में माना गया है :

(ए) एससी/आरसी को बेची गई वित्तीय आस्तियों की बिक्री हेतु

(i) यदि एससी/आरसी को बिक्री निवल बही मूल्य (एनबीवी) (अर्थात् बही मूल्य में से प्रावधान घटाकर) से नीचे की कीमत पर की गई है तो उस वर्ष कमी को लाभ व हानि खाते में डेबिट करना चाहिए। बैंक एनपीए की बिक्री पर अर्थात् जब बिक्री निवल बही मूल्य से कम कीमत पर की गई हो तो पाई गई कमी को पूरा करने हेतु प्रतिचक्रीय/फ्लोटिंग प्रावधान भी कर सकता है।

(ii) यदि बिक्री निवल बही मूल्य की अपेक्षा उच्चर मूल्यो पर की गई है, तो बैंक इस वर्ष इसके लाभ व हानि खातों में प्राप्त राशि

Trading Swaps

Trading swap transactions are marked to market with changes recorded in the financial statements.

Exchange Traded Derivatives entered into for trading purposes are valued at prevailing market rates based on rates given by the Exchange and the resultant gains and losses are recognized in the Profit and Loss Account.

4.13 Foreign Currency Options:

Foreign currency options written by the bank with a back-to-back contract with another bank are not marked to market since there is no market risk.

Premium received is held as a liability and transferred to the Profit and Loss Account on maturity/cancellation.

5. LOANS / ADVANCES AND PROVISIONS THEREON:

5.1 Advances are classified as performing and non-performing assets; provisions are made in accordance with prudential norms prescribed by RBI.

(a) Advances are classified: Standard, Sub Standard, Doubtful and Loss assets borrower wise.

(b) Advances are stated net of specific loan loss provisions, provision for diminution in fair value of restructured advances.

5.2 In respect of foreign offices, the classification of loans and advances and provisions for NPAs are made as per the local regulations or as per the norms of RBI, whichever is more stringent.

Loans and advances held at the overseas branches that are identified as impaired as per host country regulations for reasons other than record of recovery, but which are standard as per the extant RBI guidelines, are classified as NPAs to the extent of amount outstanding in the host country.

5.3 Financial Assets sold are recognized as under:

(a) For Sale of financial assets sold to SCs/RCs

(i) If the sale to SCs/RCs is at a price below the Net Book Value (NBV), (i.e. Book Value less provisions held), the shortfall should be debited to the Profit & Loss account of that year. Bank can also use counter cyclical / floating provisions for meeting the shortfall on sale of NPAs i.e. when the sale is at a price below the NBV.

(ii) If the sale is for a value higher than the NBV, Bank can reverse the excess provision on sale of NPAs to its profit and loss account in the year, the amounts

में से एनपीए की बिक्री पर अतिरिक्त प्रावधान वापस ले सकता है। तथापि, बैंक एनपीए की बिक्री से अतिरिक्त प्रावधान (जब बिक्री निवल बही मूल्य की अपेक्षा उच्च मूल्य पर की गई है) तभी रिवर्स कर सकता है, जब प्राप्त नकदी (प्रारम्भिक प्रतिफल और/अथवा एसआर/पीटीसी की छूट के माध्यम से) आस्तियों की एनबीवी से अधिक हो। आगे, अतिरिक्त/प्रावधान का रिवर्सल आस्ति के एनबीवी से अधिक प्राप्त अतिरिक्त नकदी तक सीमित होगी ।

(बी) अन्य, बैंक/एनबीएफसी/एफआई इत्यादि को बिक्री की गई वित्तीय आस्तियों की बिक्री हेतु

(i) निवल बही मूल्य (एनबीवी) से कम कीमत पर बिक्री करने के मामले में अर्थात् बही मूल्य से प्रावधान घटा कर कमी को उस वर्ष लाभ व हानि लेखे से डेबिट करना चाहिए।

(ii) यदि बिक्री निवल बही मूल्य (एनबीवी) से अधिक मूल्य पर है अर्थात बही मूल्य से प्रावधान घटा कर, अतिरिक्त प्रावधान प्रत्यावर्तित नहीं किया जाएगा किंतु अन्य गैर निष्पादित वित्तीय परिसम्पतियों की बिक्री खातों और कमी/हानि को पूरा करने के लिए उसका उपयोग किया जाएगा।

(iii) यदि यहाँ बिक्री लेनदेन में अतिरिक्त प्रावधान से अधिक अधिशेष है तो अधिशेष राशि को लाभ और हानि खातें में लिया जाएगा।

5.4 पुनःसंरचित आस्तियां :

अग्रिमों के पुनः संरचना/पुनः निर्धारण के मामले में भारतीय रिज़र्व बैंक के समय–समय पर जारी मार्गनिर्देशों के अनुसार प्रावधान किया जाता है। पुनर्संरचित खाते के उचित मूल्य में कमी के लिए आवश्यक प्रावधान किया गया है।

बैंक एक पुनर्संरचित खाता उसे मानता है जहां बैंक ने उधारकर्ताओं की वित्तीय कठिनाईयों से संबंधित आर्थिक और विधिक कारणों हेतु उधारकर्ता को रियायत दी है। पुनर्संरचना में सामान्यतया अग्रिमों/प्रतिभूतियों की शर्तों में संशोधन शामिल होगा जिसमें अन्य के अलावा पुनर्भुगतान अवधि/पुनर्भुगतान राशि/किश्तों की राशि/ब्याज की दर/क्रेडिट सुविधाओं का रोल ओवर/अतिरिक्त ऋण सुविधा की स्वीकृति/मौजूदा क्रेडिट सीमाओं में वृद्धि/समझौता जहां निपटारे की राशि के भुगतान के लिए समय तीन महीने से अधिक हो गया हो। पुनर्गठित खाते बैंक द्वारा केवल पुनर्गठन पैकेज के अनुमोदन और कार्यान्वयन के पश्चात् ही इस तरह वर्गीकृत किए जाते हैं।

एनपीए के रूप में वर्गीकृत मानक खाते हैं और बैंक द्वारा पुनर्संरचना पर एक ही श्रेणी में रखे गए एनपीए खाते केवल तभी अपग्रेड किए जाते हैं जब खाते में सभी बकाया ऋण / सुविधाएं'निर्दिष्ट अवधि' के दौरान 'संतोषजनक प्रदर्शन' प्रदर्शित करती हैं (अर्थात, उधारकर्ता इकाई से सम्बंधित भुगतान कभी भी बकाया न हो)

are received. However, Bank can reverse excess provision (when the sale is for a value higher than the NBV) arising out of sale of NPAs, only when the cash received (by way of initial consideration and/ or redemption of SRs/ PTCs) is higher than the NBV of the asset. Further, reversal of excess provision will be limited to the extent to which cash received exceeds the NBV of the asset.

(b) For Sale of financial assets sold to Other Banks/NBFCs/FIs etc.

(i) In case the sale is at a price below the Net Book Value (NBV) i.e. Book Value less provision held, the shortfall should be debited to the Profit & Loss A/c of that year.

(ii) In case the sale is for a value higher than the Net Book Value (NBV) i.e. Book Value less provision held, the excess provision shall not be reversed but will be utilized to meet the shortfall / loss on account of sale of other Non Performing Financial Assets.

(iii) In case there is overall surplus over and above the excess provision in any of the sale transaction that surplus amount will be taken in the Profit & loss a/c.

5.4 Restructured Assets:

For restructured/rescheduled advances, provisions are made in accordance with guidelines issued by RBI from time to time. Necessary provision for diminution in the fair value of a restructured account is made.

The bank considered a restructured account as one where the bank, for economic or legal reasons relating to the borrower's financial difficulty, grants concessions to the borrower. Restructuring would normally involve modification of terms of the advances / securities, which would generally include, among others, alteration of repayment period / repayable amount/ the amount of installments / rate of interest / roll over of credit facilities / sanction of additional credit facility / enhancement of existing credit limits / compromise settlements where time for payment of settlement amount exceeds three months. Restructured accounts are classified as such by the Bank only upon approval and implementation of the restructuring package.

Standard accounts classified as NPA and NPA accounts retained in the same category on restructuring by the bank are upgraded only when all the outstanding loan / facilities in the account demonstrate 'satisfactory performance' (i.e., the payments in respect of borrower entity are not in default at any point of time) during the 'specified period'.

'निर्दिष्ट अवधि'का मतलब है कि समाधान योजना (आरपी) के कार्यान्वयन की तिथि से लेकर उस तिथि तक की अवधि जब समाधान योजना के अनुसार बकाया मूलधन का कम से कम 20 प्रतिशत और पुनर्गठन के हिस्से के रूप में स्वीकृत ब्याज पूंजीकरण,यदि है, चुकाया जा चुका हो। बशर्ते निर्दिष्ट अवधि समाधान योजना की शर्तों के तहत अधिस्थगन की सबसे लंबी अवधि के साथ क्रेडिट सुविधा पर ब्याज या मूलधन (जो भी बाद में हो) के पहले भुगतान के शुरू होने से एक वर्ष पहले समाप्त नहीं हो सकती है।

बड़े खातों के लिए (अर्थात ऐसे खाते जहां उधारदाताओं का कुल जोखिम 100 करोड़ रुपये और उससे अधिक है) अपग्रेड करने एवं नियम अनुसार बनाने तथा संतोषजनक कार्यनिष्पादन के प्रतिपादन के अतिरिक्त बैंक ऋण रेटिंग के उद्देश्य से रिज़र्व बैंक द्वारा मान्यता प्राप्त सीआरए द्वारा निर्धारित अवधि के अंत तक उधारकर्ताओं की ऋण सुविधाएं भी निवेश ग्रेड (बीबीबी–या बेहतर) के रूप में आंकी जाएंगी। जबकि रु.500 करोड़ और उससे अधिक के कुल जोखिम वाले खातों को दो रेटिंगों की आवश्यकता होगी,रु.500 करोड़ से कम वाले खातों को एक रेटिंग की आवश्यकता होगी। यदि रेटिंग सीआरए की आवश्यक संख्या से अधिक प्राप्त की जाती हैं,तो ऐसी सभी रेटिंग अपग्रेड हेतु अर्हता प्राप्त करने के लिए निवेश ग्रेड होगी।

यदि निर्दिष्ट अवधि के दौरान खाते द्वारा संतोषजनक प्रदर्शन प्रदर्शित नहीं किया जाता है, तो तत्काल इस खाते को, पुनर्गठन से पहले मौजूद पुनर्भुगतान अनुसूची के अनुसार पुनः वर्गीकृत किया जाता है। ऐसे खातों के लिए भविष्य में अपग्रेड होना उसके एक नए समाधान योजना के कार्यान्वयन एवं उसके बाद संतोषजनक प्रदर्शन के ऊपर निर्भर होगा।

5.5 एनपीए पर वर्गीकृत प्रावधानों के अतिरिक्त, भारतीय रिजर्व बैंक के मौजूदा दिशा–निर्देशों के अनुसार मानक आस्तियों के लिए सामान्य प्रावधान भी किया गया है । ये प्रावधान तुलन–पत्र की अनुसूची 5 में ''अन्य देयताएं व प्रावधान – अन्य'' शीर्षक के अंतर्गत प्रदर्शित किया जाता है और निवल एनपीए निकालने के लिए इस पर विचार नहीं किया जाता है ।

5.6 भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा–निर्देशों के अनुसार गैर निष्पादित अग्रिमों के लिए त्वरित प्रावधान किया गया जिसे बैंक द्वारा पूर्व में एसएमए –2 श्रेणी के अंतर्गत सैन्ट्रल रिपोजिटरी ऑफ इंफार्मेशन ऑन लार्ज क्रेडिट (सीआरआईएलसी) को विशेष वर्णित खाते में रिपोर्ट नहीं किया जाता था ।

5.7 पूर्व वर्षों में बट्टे खाते ऋणों के विरूद्ध वसूल की गई राशि और प्रावधानों को उधारकर्ता की वर्तमान स्थिति के परिप्रेक्ष्य में विचार करना आवश्यक नहीं समझा गया है और इसे लाभ–हानि खातें में लिया जाता है।

'Specified period' means the period from the date of implementation of Resolution plan (RP) up to the date by which at least 20 percent of the outstanding principal debt as per the RP and interest capitalization sanctioned as part of the restructuring, if any, is repaid. Provided that the specified period cannot end before one year from the commencement of the first payment of interest or principal (whichever is later) on the credit facility with longest period of moratorium under the terms of RP.

For the large accounts (i.e., accounts where the aggregate exposure of lenders is Rs 100 crore and above) to qualify for an upgrade, in addition to demonstration of satisfactory performance, the credit facilities of the borrower shall also be rated as investment grade (BBB- or better) as at the end of the 'specified period' by CRAs accredited by the Reserve Bank for the purpose of bank loan ratings. While accounts with aggregate exposure of Rs 500 crore and above shall require two ratings, those below Rs 500crore shall require one rating. If the ratings are obtained from more than the required number of CRAs, all such ratings shall be investment grade to qualify for an upgrade.

In case satisfactory performance during the specified period is not demonstrated, the accounts, immediately on such default, are reclassified as per the repayment schedule that existed before the restructuring. Any future upgrade for such accounts would be contingent on implementation of a fresh RP and demonstration of satisfactory performance thereafter.

5.5 In addition to the specific provision on NPAs, general provisions are also made for standard assets as per extant RBI Guidelines. These provisions are reflected in Schedule 5 of the Balance Sheet under the head "Other Liabilities & Provisions – Others" and are not considered for arriving at the Net NPAs.

5.6 In accordance with RBI guidelines, accelerated provision is made on non-performing advances which were not earlier reported by the Bank as Special Mention Account under "SMA-2" category to Central Repository of Information on Large Credits (CRILC).

5.7 Amounts recovered against debts written-off in earlier years and provisions no longer considered necessary in the context of the current status of the borrower are recognized in the profit and loss account.

5.8 **देश एक्सपोज़र के लिए प्रावधान**

आस्ति वर्गीकरण स्थिति के अनुसार किए गए विशिष्ट प्रावधानों के अतिरिक्त किसी देश के एक्सपोज़रों (अपने देश के अलावा अन्य) के लिए भी प्रावधान किया गया है । देशों को सात जोखिम श्रेणियों अर्थात् मामूली, कम, मध्यम कम, मध्यम, उच्च, मध्यम उच्च और बहुत उच्च में वर्गीकृत किया गया है और प्रावधान भारतीय रिजर्व बैंक के मौजूदा दिशा–निर्देशों के अनुसार किया गया है । प्रत्येक देश के मामले में यदि बैंक का देश एक्सपोज़र (निवल) कुल वित्त पोषित आस्तियों की 1% से अधिक नहीं है तो ऐसे कंट्री एक्सपोज़र में कोई प्रावधान नहीं किया जाता है । यह प्रावधान तुलन पत्र की अनुसूची 5 में ''अन्य देयताएं एवं प्रावधान 'अन्य'' के अंतर्गत प्रदर्शित किया जाता है ।

5.9 भारतीय कम्पनियों की स्टेप डाउन अनुषंगियों के सभी एक्स्पोजर का प्रतिनिधित्व करने वाली मानक आस्ति के विरुद्ध 2% का एक अतिरिक्त प्रावधान किया गया है (सभी ओवरसीज एक्स्पोजरों पर लागू कंट्री जोखिम के अतिरिक्त) ताकि ढांचे की जटिलता होने से उत्पन्न अतिरिक्त जोखिम को कवर किया जा सके, विभिन्न क्षेत्रधिकार में विभिन्न मध्यवर्ती संस्थाओं की अवास्थिति होने से भारतीय कंपनी और उससे काफी हद तक राजनैतिक और नियामक जोखिम के लिए बैंक एक्स्पोजर हो सकता है। (आरबीआई परि.सं. RBI/2015.16/279 DBR.IBD.BC No.68/23.37.001/2015–16 दिनांक 31.12.2015 के अनुसार)।

6. संपत्ति, संयंत्र और उपकरण

6.1 जिन परिसरों का पुनर्मूल्यन हो चुका है उन्हें छोड़कर संपत्ति, संयंत्र, और उपकरण को उनकी परम्परागत लागत में से संचित मूल्यह्रास/परिशोधन को घटाकर दिखाया जाता है पुनर्मूल्यन पर हुई वृद्धि को पुनर्मूल्यन प्रारक्षित निधि में जमा किया जाता है और पुनर्मूल्यन राशि के कारण वृद्धिशील मूल्यह्रास को उसमें से कम कर दिया जाता है ।

6.2 सॉफ्टवेयर को पूंजीकृत कर अमूर्त ऑस्तियों के साथ जोड़ दिया गया है ।

6.3 खरीददारी की लागत सहित सभी खर्चे जैसे साइट तैयार करना, संस्थापना लागत, पूंजीकरण के समय तक आस्ति पर खर्च की गयी व्यवसायिक फीस लागत में शामिल है। आस्तियों पर खर्च किए गए परिवर्ती खर्चे केवल तभी पूंजीकृत किए जाते हैं जब ऐसी आस्तियों या उनकी कार्यक्षमता से भविष्य के लाभ में वृद्धि होती है ।

6.4 मूल्यह्रास

ए. आस्तियों (भूमि सहित जहां कीमत अलग न की जा सकती हो) पर मूल्यह्रास के लिये प्रावधान आस्ति की प्रत्याशित आयु पर सीधी रेखा पद्धति के अनुसार किया जाता है। कम्प्यूटरों को छोड़कर जहां इसकी गणना भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित दर पर सीधी रेखा पद्धति से की जाती है।

5.8 **Provision for Country Exposure:**

In addition to the specific provisions held according to the asset classification status, provisions are also made for individual country exposures (other than the home country). Countries are categorized into seven risk categories, namely, insignificant, low, moderately low, moderate, moderately high, high & very high and provisioning made as per extant RBI guidelines. If the country exposure (net) of the Bank in respect of each country does not exceed 1% of the total funded assets, no provision is maintained on such country exposures. The provision is reflected in Schedule 5 of the Balance Sheet under the "Other liabilities & Provisions – Others".

5.9 An additional provision of 2% (in addition to country risk provision that is applicable to all overseas exposures) against standard assets representing all exposures to step down subsidiaries of Indian Corporates has been made to cover the additional risk arising from complexity in the structure, location of different intermediary entities in different jurisdictions exposing the Indian Company, and hence the Bank, to a greater political and regulatory risk. (As per RBI Cir.No. RBI/2015.16/279 DBR. IBD.BC No. 68/ 23.37.001/ 2015-16 dated 31.12.2015).

6. PROPERTY, PLANT & EQUIPMENT:

6.1 Property, Plant & Equipment are stated at historical cost less accumulated depreciation/amortization, wherever applicable, except those premises, which have been revalued. The appreciation on revaluation is credited to revaluation reserve and incremental depreciation attributable to the revalued amount is deducted there from.

6.2 Software is capitalized and clubbed under Intangible assets.

6.3 Cost includes cost of purchase and all expenditure such as site preparation, installation costs and professional fees incurred on the asset till the time of capitalization. Subsequent expenditure/s incurred on the assets are capitalized only when it increases the future benefits from such assets or their functioning capability.

6.4 DEPRECIATION:

A. Depreciation on assets (including land where value is not separable) is provided on straight-line method based on estimated life of the asset, except in respect of computers where it is calculated on the straight-line method, at the rates prescribed by RBI.

बी. ऐसी आस्तियों पर मूल्यह्रास निम्नलिखित दरों पर किया गया है :

विवरण	मूल्यह्रास की दर
परिसर	
फ्रीहोल्ड संपत्ति	
भूमि	**शून्य**
निर्माण लागत पर प्रदान की जाने वाली मूल्यह्रास दर जहाँ भूमि की लागत को अलग किया जाता है और कुल लागत पर जहां भूमि की लागत सुनिश्चित नहीं की जा सकती और उसे अलग नहीं किया जा सकता है	2.5% (40 वर्ष सीधी रेखा विधि या शेष आयु जो भी कम हो)
बेमियादी पट्टे पर ली गई भूमि जहां पट्टे की अवधि का उल्लेख नहीं है	शून्य
पट्टे पर ली गई भूमि जहाँ पट्टे की अवधि का उल्लेख है	पट्टे की अवधि पर
भवन	
फ्री होल्ड और पट्टे वाली भूमि पर निर्मित, जहां पट्टे की अवधि 40 वर्ष से अधिक है।	2.50%
पट्टे वाली भूमि पर निर्मित जहाँ पट्टे की अवधि 40 वर्ष से कम है	पट्टे की अवधि पर
परिसरों के अतिरिक्त चल परिसंपत्तियां	
फ़र्नीचर और फिक्सचर्स–स्टील वस्तुएं	5.00%
फ़र्नीचर और फिक्सचर्स–लकड़ी की वस्तुएं	10.00%
गद्दे	20.00%
मोबाइल फोन उपकरण	33.33%
मशीनरी, बिजली की वस्तुए और विविध वस्तुएं	15.00%
मोटर–कारें एवं साईकलें	15.00%
कंप्यूटर, एटीएम और संबंधित वस्तुएं लैप टॉप, आईपैड आदि सर्वर्स, नेटवर्क, उपकरण एवं स्वचालित टेलर मशीन (कंप्यूटर हार्डवेयर का एक अनिवार्य भाग सॉफ़्टवेयर निर्माण के साथ)	33.33%

B. Depreciation on assets has been provided at the rates furnished below:-

Particulars	Rate of Depreciation
PREMISES	
Freehold Properties	
Land	**NIL**
Depreciation to be provided on Construction Cost where the land cost is segregated and on total cost where the land cost is not ascertainable and cannot be segregated.	2.5% (40 years Straight Line Method or remaining life whichever is lower)
Land acquired on perpetual lease where no lease period is mentioned	NIL
Land acquired on lease where lease period is mentioned	Over lease period
Building	
Constructed on free hold land and on leased land, where lease period is above 40 years	2.50%
Constructed on leased land where lease period is below 40 years.	Over lease period
FIXED ASSETS EXCEPT PREMISES	
Furniture and fixtures-Steel articles	5.00%
Furniture and fixtures-wooden articles	10.00%
Mattresses	20.00%
Mobile Phone Instruments	33.33%
Machinery, electrical and miscellaneous articles	15.00%
Motor cars and cycles	15.00%
Computers, ATMs and related items, laptop, i pad etc:- Servers, Network, Equipment & Automated Teller Machines (Including software forming an integral part of computer hardware)	33.33%

कार्यालय की रु. 25000.00 से कम राशि की अचल संपत्तियों (कर्मचारियों को छोड़कर) और/अथवा जिसकी सामान्यतः अवधि अधिग्रहण की तिथि से 12 महीनों से कम है, को व्यय के रूप में माना जाना चाहिए।

रु. 25000.00 तक के एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर/ऑपरेटिंग सिस्टम/डेटा बेस की लागत पर राजस्व प्रभारित किया जाता है।

सी. बैंक के अपने परिसर के अतिरिक्त नई आस्तियों पर मूल्यह्रास की दर उसी दिन से प्रदान की जाती है और वर्ष के दौरान बेची गई/निपटान की गई आस्तियों के मामले में जिस तारीख तक इसे बेचा/निपटान किया जाता है अर्थात दैनिक आधार पर मूल्यह्रास की दर प्रदान की जाती है।

डी. वर्ष के अंत में मौजूद बैंक के अपने स्वामित्व कें परिसरों पर मूल्यह्रास पूरे वर्ष के लिये प्रभारित किया गया है। निर्माण लागत पर तभी मूल्यूह्रास किया जाता है जब भवन सभी प्रकार से पूरा हो जाता है। जहां भूमि और भवन की लागत का अलग से पता नहीं लगाया जा सकता है, वहां मूल्यह्रास भवन पर लागू दर से समग्र लागत पर की जाती है।

ई. पट्टाधारित परिसरों के संबंध में, पट्टा प्रीमियम यदि कोई है, पट्टे की संपूर्ण अवधि पर परिशोधित है और पट्टा किराया संबंधित वर्षों में प्रभारित किया जाता है ।

एफ. पुनर्मूल्यन आस्तियों के मूल्यह्रास की दर पुनर्मूल्यांकन के समय मूल्यांकन की गई आस्तियों की शेष उपयोगी आयु के आधार पर निश्चित की जाती है।

7. आस्तियों की अपसामान्यता

आस्तियों की रखरखाव लागत को आंतरिक/बाह्य तथ्यों के आधार पर कोई अपसामान्यता दिखाई देने पर प्रत्येक तुलनपत्र तिथि को समीक्षित किया जाता है ।

एक अपसामान्य हानि तभी मानी जाती है जहां एक आस्ति की रखाव लागत इसकी वसूली राशि से ज्यादा होती है। वसूली योग्य राशि आस्ति की निवल बिक्री कीमत और उपयोगिता मूल्य से ज्यादा होती है। उपयोगिता मूल्य के निर्धारण में, अनुमानित भावी नकदी प्रवाह कर पूर्व छूट दर में प्रयुक्त उसके वर्तमान मूल्य को घटाया जाता है जो उस समय धन के वर्तमान बाजार मूल्य और आस्ति के वर्गीकृत जोखिमों को दर्शाता है।

अपसामान्यता के पश्चात, यदि कोई है, मूल्यह्रास आस्ति की शेष उपयोगी अवधि में संशोधित रखाव लागत पर किया जाता है ।

पूर्व में हुई अपसामान्यता हानि परिस्थितियों में परिवर्तन के आधार पर बढाई या रिवर्स की जाती है ।

हालांकि, रिवर्सल के पश्चात रखाव मूल्य उस रखाव मूल्य से ऊपर नहीं बढ़ता है जो यदि कोई अपसामान्यता नहीं हुई हो तो सामान्य मूल्यह्रास प्रभारित करके विद्यमान होगा।

Items of office fixed assets (excepts to staff) amount less than Rs. 25000.00 and / or having useful life of less than 12 months from the date of acquisition should be recognized as expense.

Cost of Application Software / Operating System / Data base amounting upto Rs. 25000.00 are charged to revenue.

C. Depreciation on fresh additions to assets other than bank's own premises is provided from the day in which the assets are capitalized and in the case of assets sold/ disposed off during the year, up to the date in which it is sold/ disposed off i.e. daily basis.

D. The depreciation on bank's own premises existing at the close of the year is charged for full year. The construction cost is depreciated only when the building is complete in all respects. Where the cost of land and building cannot be separately ascertained, depreciation is provided on the composite cost, at the rate applicable to buildings.

E. In respect of leasehold premises, the lease premium, if any, is amortized over the period of lease and the lease rent is charged in the respective year(s).

F. The Revalued assets is depreciated over the balance useful life of the asset as assessed at the time of revaluation.

7. IMPAIRMENT OF ASSETS:

The carrying costs of assets are reviewed at each Balance Sheet date if there is any indication of impairment based on internal/external factors.

An impairment loss is recognized wherever the carrying cost of an asset exceeds its recoverable amount. The recoverable amount is the greater of the assets net selling price and value in use. In assessing value in use, the estimated future cash flows are discounted to their present value using a pre-tax discount rate that reflects current market assessments of the time value of money and risks specific to the asset.

After impairment, if any, depreciation is provided on the revised carrying cost of the asset over its remaining useful life.

A previously recognized impairment loss is increased or reversed depending on changes in circumstances.

However, the carrying value after reversal is not increased beyond the carrying value that would have prevailed by charging usual depreciation if there was no impairment.

8. कर्मचारी लाभ

भविष्य निधि

भविष्य निधि एक सुपरिभाषित अंशदान योजना है क्योंकि बैंक पूर्व निर्धारित दरों पर निश्चित अंशदान का भुगतान करता है । बैंक का दायित्व ऐसे निश्चित अंशदान तक सीमित है । ये अंशदान लाभ व हानि खाते में प्रभारित किए जाते हैं ।

उपदान

उपदान देयता एक सुपरिभाषित लाभ दायित्व है और बीमांकित मूल्यांकन के आधार पर दिया जाता है। यह योजना बैंक द्वारा वित्त पोषित है और एक अलग ट्रस्ट द्वारा चलाई जाती है ।

पेंशन

